आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



## शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े कांवड़िये

### सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** सावन शिवरात्रि के अवसर पर सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ी। मंदिर के साथ आसपास का वातावरण भी भगवान दूधेश्वर के जयकारों से गूंज रहा है। मंदिर के बाहर लम्बी-लम्बी कतारें लगी हुई हैं। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए मंदिर के आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

मंदिर के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सावन शिवरात्रि के चलते मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब तक के कांवड़िएं हरिद्वार, (शेष पृष्ठ-3 पर)

### नोएडा में 25 सदस्यीय डाक कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक





**चेतना मंच गौतमबुद्धनगर।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर डाक कांवड़ लाये 25 कांवड़ियों ने सेक्टर-19 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में जलाभिषेक किया। सभी कांवड़ियों ने सनातन धर्म मंदिर समिति के महासचिव व सांसद प्रतिनिधि संजय बाली के नेतृत्व में शिव जय घोष के साथ जलाभिषेक किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

नीट-यूजी पर फैसला

# बिहार में ही हुआ पेपर लीक : सुप्रीम कोर्ट




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नीट यूजी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने आज विस्तार से फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि सभी दलीलों को सुनने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा गया है पेपर लीक का मामला सिस्टमैटिक फेलयर नहीं है। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक बड़े पैमाने पर नहीं हुआ है। लीक का मामला केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि परीक्षा दोबारा नहीं कराई जाएगी। कोर्ट ने कहा था कि इस बात का पर्याप्त सबूत नहीं है कि परीक्षा की पवित्रता का उल्लंघन हुआ है।

आपको बता दें कि नीट यूजी परीक्षा 5 मई को हुई थी। इसके बाद 4 जून को इसका रिजल्ट जारी किया गया था। रिजल्ट सामने आने के बाद कई छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा में हुई गड़बड़ी के खिलाफ याचिका दायर की थी।

नीट-यूजी 2024 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट-यूजी 2024 के पेपर में कोई व्यवस्थागत उल्लंघन नहीं हुआ है। लीक सिर्फ पटना और हजारीबाग तक सीमित था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि केंद्र द्वारा गठित समिति परीक्षा प्रणाली की साइबर सुरक्षा में संभावित कमजोरियों की पहचान करने, जांच बढ़ाने की प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी के लिए तकनीकी प्रगति के लिए एसओपी तैयार करने पर भी विचार करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने अपने फैसले में एनटीए की संरचनात्मक प्रक्रियाओं में सभी कमियों को उजागर किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम छात्रों की बेहतरी के लिए ऐसा नहीं होने दे सकते। इसलिए जो मुद्दे उठे हैं, उन्हें केंद्र को इसी साल ठीक करना चाहिए, ताकि ऐसा दोबारा न हो।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 23 जुलाई को विवादों से घिरे NEET-UG 2024 को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई डेटा नहीं है, जो प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़बड़ियों का संकेत दे।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और मैथ्यूज नेदुमप्रा सहित वकीलों की दलीलें करीब चार दिनों तक सुनीं थीं।

### गाजियाबाद, मेरठ, बागपत में कांवड़ियों पर फूल नहीं बरसायेंगे सीएम योगी



**लखनऊ ( एजेंसी )।** सावन की शिवरात्रि पर शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ हर साल की तरह इस साल भी शिवभक्त कांवड़ियों पर आसमान से फूल बरसाने वाले थे। पर अब उनका दौरा रद्द हो गया है। आज शिवरात्रि के दिन शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ मेरठ, बागपत, गाजियाबाद तीनों जिलों में हवाई दौरा करना था। राजकीय विमान से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री हैलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का सर्वेक्षण करना था। मुख्यमंत्री योगी को (शेष पृष्ठ-3 पर)

# वायनाड में 308 की मौत 4 दिन बाद जिंदा मिले लोग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केरल के वायनाड में 30 जुलाई की सुबह लैंडस्लाइड के बाद हुई तबाही में अब तक 308 लोगों की मौत हसे गई है और 105 से ज्यादा लोग लापता हैं। हादसे को 4 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब भी मलबे से लोगों के जिंदा निकलने का क्रम जारी है। वायनाड में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही भारतीय सेना को आज मलबे से 4 लोग जिंदा मिले हैं। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष हैं। लैंडस्लाइड के बाद मलबे में दबे इन लोगों को वायनाड के पदावेट्टी कुन्नू इलाके से बचाया गया है।

चारों को बचाने के लिए बेहद सावधानी के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस काम को सटीकता के साथ करने के लिए रेस्क्यू के दौरान एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) को लैंड कराया गया।



**खोजी अभियान में ले रहे कुत्तों की मदद**

सेना ने हादसे के बाद जो बेली ब्रिज बनाया है, इससे 25 एंबुलेंस मुंडकई पहुंचाई जाएंगी। मिट्टी में दबे शवों का पता लगाने के लिए दिल्ली से ड्रोन आधारित रडार शनिवार को आने वाला है। तलाशी अभियान में 6 कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। आज तमिलनाडु से 4 और कुत्ते लाए जाएंगे।

हालांकि, रेस्क्यू में बचाई गई दो महिलाओं में से एक महिला के पैर में चोट लगी है, जिसके इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में अब तक 308 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, रेस्क्यू में जुटे बचावकर्मियों को अब तक 195 शव ही मिले हैं। बाकी, लोगों की मौत की पुष्टि उनके बॉडी पार्ट्स से की गई है। यानी 105 लोगों के शव का कोई ना कोई हिस्सा बरामद हुआ है, जिससे उनकी मौत कंफर्म हुई है।

# नशे में धुत अफ्रीकी छात्रा का हाई वोल्टेज ड्रामा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा शहर में एक विदेशी छात्रा ने सड़कों पर हंगामा किया। विदेश छात्रा नशे में धुत थी और पुलिस अधिकारियों के साथ बदसलूकी कर रही थी। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है विदेशी छात्रा कैसे पुलिसकर्मियों पर चिल्ला रही है और अपशब्दों का इस्तेमाल कर रही है।

यह पूरा मामला ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र का है। जहां सड़क पर एक अफ्रीकी छात्रा उत्पात मचा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब छात्रा की समस्या पूछी तो वह उन्हीं से भिड़ी गई और उनके साथ गाली-गालौज करने लगी। इसके बाद किसी तरह पुलिसकार्मियों ने उसे समझाकर उसके फ्लैट तक पहुंचाया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। अफ्रीकी छात्रा वीडियो में कहती दिखती है कि हू आर ड्राइवर हू आर ड्राइवर.. ऐसा कहते हुए ये छात्रा तेजी से चिल्ला रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, अफ्रीकी मूल की रहने वाली ये छात्रा ग्रेटर नोएडा में रहकर एक यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही है। गुरुवार की देर शाम कुछ पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी ये छात्रा बीच रोड पर चिल्लाती नजर आई। पुलिसकर्मी इसकी मदद के लिए आगे आए, तो ये छात्रा (शेष पृष्ठ-3 पर)



# अवैध अतिक्रमण व निर्माण पर चलेगा ‘बाबा का बुल्डोजर’

### सलारपुर, हाजीपुर, भंगेल व बरौला में होगी कार्रवाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव के बाद अब फिर व्यापक स्तर पर अवैध अतिक्रमण पर नोएडा प्राधिकरण का बुल्डोजर चलेगा। जिलाधिकारी तथा नोएडा प्राधिकरण ने सर्वे करके आधा दर्जन गांवों में भारी संख्या में प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण पाया। सभी को ध्वस्त करने के निर्देश दिये गये।

नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम तथा जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बरौला, सलारपुर, भंगेल, हाजीपुर आदि गांवों का दौरा किया, जहां बड़े पैमाने पर अतिक्रमण पाया गया। सलारपुर गांव में खसरा संख्या 595-596, 601 से 609, 723 से 752, 779 और 780 पर अवैध निर्माण देखा गया। भंगेल गांव में खसरा संख्या 217, 221, 223, 225, 226 पर भी अवैध निर्माण मिला। इसी तरह हाजीपुर गांव में खसरा संख्या 412 पर भी अनधिकृत निर्माण पाया गया।

सीईओ ने डॉ. लोकेश एम. ने इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के निर्देश दिए और ऐसी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां एक 11 साल के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। यह घटना जीटी रोड स्थित मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज के सामने स्थित तालाब में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान समीर के रूप में हुई है जो दादरी की नई आबादी के निवासी मुस्तकीम का बेटा था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को करीब 8 बजे समीर अपने कुछ दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बच्चा नहाते समय तालाब के गहरे हिस्से में चला गया और डूब गया। उसके साथी डर के मारे भाग गए और परिवार को सूचित किया। परिजनों द्वारा सूचना मिलने पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

### आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी गठित

**संगठन का विस्तार व पार्टी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता : राकेश अवाना**



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी की जनपद गौतमबुद्धनगर की जिला कमेटी का गठन कर लिया गया है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने नई कमेटी की घोषणा कर दी है। नई जिला कमेटी में कैलाश शर्मा को महासचिव, दिलदार अंसारी तथा डा. बीपी सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राहुल सेठ को प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं मनोज यादव, मुन्ना गुप्ता, उपेन्द्र सिंह चौहान उर्फ लक्की, नवीन भाटी, जाकिर चौधरी तथा उदयवीर मलिक को उपाध्यक्ष (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हिन्दु-मुस्लिम एकता की पेश की मिसाल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जहां सियासी दल तथा सांप्रदायिक सोच रखने वाले कुछ संगठन हिन्दु-मुस्लिम की सियासत करके दो संप्रदायों के बीच आपस में खाई चौड़ी कर रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे भी संगठन व समाजसेवी हैं जो इस खाई को पाटकर समाज के लिए कौमी एकता व सद्भाव की मिसाल पेश कर रहे हैं। ऐसा ही नजारा कल सेक्टर-12 स्थित प्राचीन कलरिया बाबा मंदिर में देखने को मिला। यहां पर हर वर्ष हजारों कांवडिये हरिद्वार से जल लाकर जलाभिषेक करते हैं। ( शेष पृष्ठ-3 पर )








# पदक पर निशाना

निशानेबाज बिटिया मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में वह कर दिखाया है, जो अभूतपूर्व, अप्रत्याशित, अतुलनीय और अनिर्वचनीय है। एक ही खेल के दो प्रारूपों में लगातार दो कांस्य पदक जीत कर मनु ने कई इतिहास लिख दिए हैं। मनु के साथ सरबजोत सिंह भी मिश्रित खेल की अप्रतिम उपलब्धि के सूत्रधार हैं, लिहाजा देश के बेटे-बेटी को साझा शाबाश! मनु 10 मीटर एयर पिस्टल की निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। यह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय गौरव भी मनु के हिस्से आया है कि एक ही ओलंपिक में, एक ही खेल की दो शैलियों में, दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भी प्रथम महिला खिलाड़ी बन गई हैं। देश की संप्रभु आजादी के 77 सालों में मनु भाकर इस तरह ओलंपिक पदकवीर बनने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। मनु की यह सफलता 'हैट्रिक' में भी तबदील हो सकती है, क्योंकि उन्हें 2 अगस्त को 25 मीटर रैपिड निशानेबाजी में भी भाग लेना है। खेल की यह शैली मनु को सर्वाधिक प्रिय है। विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में खेल की इसी शैली में मनु स्वर्ण पदक जीत चुकी है। विश्व कप में इस 'होनहार बेटी' ने 9 स्वर्ण पदकों समेत कुल 11 पदक हासिल किए हैं और अभी तो सफर जारी है। करीब 124 साल पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 के ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे, लेकिन भारत तब गुलाम देश था। मनु और सरबजोत दोनों ही हरियाणा के खिलाड़ी हैं। वे 2019 से मिश्रित निशानेबाजी का साथ-साथ अभ्यास करते रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय और विश्व कप तथा अन्य मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीतते रहे हैं। यह सरबजोत ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया, जब उन्होंने इस उपलब्धि की बधाई देने के लिए फोन किया था और मिश्रित टीम के बारे जिज्ञासा प्रकट की थी। सरबजोत ने प्रधानमंत्री के जरिए देश को आश्वस्त किया कि अगली बार वे स्वर्ण पदक जीत कर दिखाएंगे। बेशक यह उनके संघर्ष, जुनून, लक्ष्य, अनथक मेहनत का ही नतीजा है कि दोनों ओलंपिक पदकवीर हैं। यह वाकई असामान्य और अविश्वसनीय उपलब्धि है। हरियाणा तो क्या, देश भर में निशानेबाजी कोई पारंपरिक खेल नहीं है। हरियाणा कुश्ती, कबड्डी, मुक्केबाजी के लिए विख्यात राज्य है, लेकिन निशानेबाजी ने उसे नए मुकुट पहना दिए हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौर ने 2004 के एथेंस ओलंपिक में निशानेबाजी का रजत पदक जीता था। अभिनव बिंद्रा 2008 के बीजिंग ओलंपिक में इसी खेल की भिन्न शैली के चैम्पियन बने। वहीं निशानेबाजी का एकमात्र ओलंपिक स्वर्ण पदक भारत के हिस्से आया था। निशानेबाजी में रजत पदक विजेता विजय कुमार और कांस्य पदकवीर गगन नारंग सरीखे नाम भी अविस्मरणीय हैं, लेकिन दोहरे पदक की सफलता मनु ने ही हासिल की है और बेटी ने इतिहास का नया शिलालेख लिख दिया है। भारत में अब खेल पेशेवर हो गए हैं। अब बड़ी-बड़ी कंपनियां खेलों को प्रायोजित करती हैं और पदकवीर खिलाडियों को नौकरी भी देती हैं। क्रिकेट के आईपीएल मुकाबले पेशेवर खेल के ज्वलंत उदाहरण हैं। 18-20 साल का युवा भी करोड़पति हो सकता है। यह परंपरा वहां से शुरू हुई, जब 1983 में तत्कालीन विश्व चैम्पियन टीम को पराजित कर भारत की टीम विश्व चैम्पियन बनी थी। कप्तान कपिल देव ने ट्रॉफी का वह सम्मान पूरी दुनिया के सामने हासिल किया था। दरअसल वहीं से भारत में खेल के प्रति मानसिकता बदली और आज खिलाडियों की प्रतिष्ठा भी है और एक सफल करियर भी है। मनु की उम्र भी अभी 22 साल है और वह करोड़पति है। वह अपने खेल की विश्व चैम्पियन मानी जाती है। खेल के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की निजी दिलचस्पी भी है। वह खिलाडियों से लगातार संवाद करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित करते रहते हैं, मुलाकातें करते रहते हैं। उन्होंने देश के कोने-कोने से खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने वाले अकेले 'खेलो इंडिया कार्यक्रम' के लिए 900 करोड़ रुपए बजट में आवंटित कराए हैं, लेकिन यह भी ध्यान रखना चाहिए और उस पर लगातार चिंतन-मनन करना चाहिए कि भारतीय खेल की विश्वस्तरीय मंजिल अभी मीलों दूर है। मनु-सरबजोत सरीखी दुर्लभ चांदनियां हैं, जो हमारे खेल को रोशन करती हैं। अभी कई और रोशनियां चमकेंगी। उन्हें भी शाबाश देते रहिए। एक भारतीय शटलर ने भी अपना मुकाबला जीत लिया है। इसलिए पेरिस ओलंपिक में अभी हमारी उम्मीदें कायम हैं। शूटिंग में भी एक और मुकाबला होना है, शायद एक और पदक इसमें भी आ जाए।

# राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुके तर्क

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफ़सर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार



तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है?

राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है।

राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिश्योक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं, लेकिन यह देखने को तैयार नहीं कि आखिर उनके परिवार के प्रभुत्व वाले मीडिया संस्थान में इन वर्गों के कितने लोगों की हिस्सेदारी है?

लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। जिससे सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है। आखिर सरकार करे, तो क्या करे? उसने हर सत्र के शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकें करके देख ली। दोनों सदनों के अध्यक्ष और उप-सभापति ने बारंबार समझा-समझाकर सहयोग की अपील कर ली। प्रधानमंत्री ने भी बार-बार सदस्यों से सदन को शांतिपूर्वक बहस के जरिये चलने-चलाने की विनम्र अपील कर डाली। बावजूद इसके एनडीए को सत्ता के आरंभ 2014 से अभी तक विपक्ष का सहयोग नहीं मिल पाया है। संसद के सत्रों की ही भांति नीति आयोग की बैठक का भी लगभग सभी विपक्षी दलों ने बहिष्कार कर दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आईं जरूर, लेकिन उन्होंने भी यह आरोप लगाकर बाहर का रास्ता नापा कि उनको बोलने नहीं दिया गया, माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है। क्या देश के मतदाताओं ने भारी संख्या में विपक्ष को इसीलिए भेजा है कि वे उनके हितकारी कार्यों पर संसद में बहस करने के बजाय सब कुछ हंगामे या बहिष्कार की भेंट चढ़ा दें? कब विपक्ष संसद में मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होकर अपनी दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए देश-निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगे?

नीति आयोग ऐसा कोई मंच नहीं, जिसे दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाया जाए। वैसे भी, इस बार तो नीति आयोग की बैठक का एजेंडा देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उपाय और सुझावों पर केंद्रित था। आखिर इस एजेंडे पर विपक्षी दलों एवं विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को राजनीति करने की क्यों सूझी? वे यह ठान चुके हैं कि वे किसी भी, यहां तक की राष्ट्रीय हित के विषय पर भी सरकार के साथ मिलकर चलने को तैयार नहीं। इसकी झलक संसद में तो लगातार मिल रही है, लेकिन नीति आयोग में भी वैसी ही नकारात्मक स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्षी दलों का तर्क है कि उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार इसलिए किया, क्योंकि बजट में विपक्ष-शासित राज्यों की कथित तौर पर अनदेखी की गई। एक तो यह जनता को गुमराह करने वाला तर्क है, और यदि ऐसा लगता है, तो उन्होंने अपनी बात आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री के समक्ष कहने का अवसर गंवना क्यों पसंद किया?

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी ने पहले इस सुहावने चरित्र को रचा, फिर कृपा करके पार्वतीजी को सुनाया। वही चरित्र शिवजी ने काकभुशुण्डिजी को रामभक्त और अधिकारी पहचानकर दिया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तेहि सन जागबलिक पुनि पावा। तिन्ह पुनि भरद्वाज प्रति गावा॥**
**ते श्रोता बकता समसीला। सवँदरसी जानहिं हरिलीला॥**

उन काकभुशुण्डिजी से फिर याज्ञवल्क्यजी ने पाया और उन्होंने फिर उसे भरद्वाजजी को गाकर सुनाया। वे दोनों वक्ता और श्रोता (याज्ञवल्क्य और भरद्वाज) समान शील वाले और समदर्शी हैं और श्री हरि की लीला को जानते हैं॥

**जानहिं तीनि काल निज ग्याना। करतल गत आमलक समाना॥**
**औरउ जे हरिभगत सुजाना। कहहिं सुनहिं समुझहिं बिधि नाना॥**

वे अपने ज्ञान से तीनों कालों की बातों को हथेली पर रखे हुए आँवले के समान (प्रत्यक्ष) जानते हैं। और भी जो सुजान (भगवान की लीलाओं का रहस्य जानने वाले) हरि भक्त हैं, वे इस चरित्र को नाना प्रकार से कहते, सुनते और समझते हैं॥

**दो0-मैं पुनि निज गुर सन सुनी कथा सो सूकरखेत।**
**समुझी नहिं तसि बालपन तब अति रहेउँ अचेत॥**

फिर वही कथा मैंने वाराह क्षेत्र में अपने गुरुजी से सुनी, परन्तु उस समय मैं लड़कपन के कारण बहुत बेसमझ था, इससे उसको उस प्रकार (अच्छी तरह) समझा नहीं॥

(क्रमश:..)

# ओलम्पिक 2024 में भारत के ऐतिहासिक धमाल की उम्मीदें

एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की तब मिट्ठियां तन गयी, यकीनन ये गर्व के क्षण हैं, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने ओलम्पिक में पदक दिलाये। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव एवं ऐतिहासिक कीर्तिमान भी उनके हिस्से आ गया है। दोनों खिलाड़ियों ने जता दिया कि खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करने की स्थिति है। पेरिस में खेलों के महाकुम्भ ओलम्पिक 2024 के आयोजन में भारतीय खिलाड़ियों का जज्बा, ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं संकल्प भारतीय मनुष्य के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारत में ऊर्जा का संचार होगा, विश्वास, उम्मीद एवं उमंग जागेगी। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैये को भी ये भारतीय खिलाड़ी नया आयाम देंगे।

शाबाश मनु! तुमने न केवल हरियाणा बल्कि भारतीय लैंगिक भेदभाव की मानसिकता को चुनौती दी है, मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि 'बेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ।' बेटियां भारत का मान एवं शान बनकर दिखायेंगी। मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव एवं अवसाद से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल बनी है, वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बनी है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को दुनिया के लिये उपयोगी बनाने की भूमिका बनेगी।

राष्ट्र का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। चैंपियंस अलग होते हैं, वे भीड़ से अलग सोचते एवं करते हैं और यह सोच एवं कृत जब रंग लाती है तो बनता है इतिहास। हमारे खिलाड़ी कुछ इसी तरह चैंपियन बनकर उभरेंगे, दुनिया को चौंकाएंगे, सबके प्रेरणा बनेंगे, ऐसा विश्वास है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है।



मनु ने अपनी पिछली हार को प्रेरणा का माध्यम बनाया, भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करते हुए मनु ने नये संकल्प एवं बुलंद इरादे से मेहनत की। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है। देश के हरेक हिस्से से प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने वाले अकेले खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए 900 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन इसका प्रमाण है। मनु और आगे बढ़ो, क्योंकि देश को तुमसे एक और पदक की उम्मीदें लगी है। अभी पेरिस में मनु की प्रिय स्पर्धा पच्चीस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा बाकी है। उम्मीद करें की एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की उम्मीदों पर मनु फिर खरी उतरेगी।

देश की आर्थिक समृद्धि ने सरकारों को जहां खेलों में अधिक निवेश की सहूलियत दी। दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश खेलों में भी अग्रणी बन रहा है। समाज ने भी खेल-कूद से जुड़े अपने पुराने जुमलों एवं संकीर्ण मानसिकता को बदला है। परिणाम सामने है। आज हम दहाई अंक में ओलंपिक पदकों की उम्मीद बांध रहे हैं, तो मनु भाकर का शानदार आगाज इस अपेक्षा को मजबूत आधार दे रहा है। मगर अभी भारत को मीलों की दूरी तय करनी है। ओलंपिक की पदक तालिका में शीर्ष क्रम पर आने के लिए हमें अपने खेल संगठनों को पेशेवर बनाना होगा, उन्हें राजनीतिक विवादों एवं राजनीति से दूर रखना होगा। पिछले दिनों कुश्ती महासंघ के विवाद ने काफी कटु स्मृतियां छोड़ी हैं। ऐसे विवादों के त्वरित निपटारे की जरूरत है, ताकि खिलाड़ी हताश न हों और उनको अदालत की शरण लेने की नौबत न आए। भारतीय खिलाड़ी निशानेबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, हॉकी, भाला फेंक, बॉक्सिंग में अपना लोहा मनवा चुके हैं, दूसरी विधाओं में भी संभावनाएं कम नहीं हैं। मनु भाकर जैसी प्रतिभाएं आश्वस्त कर रही हैं कि अपनी कमियों को जीतना हम जानते हैं। भरोसा रखिए, ओलंपिक खेलों में हमारे गौरव के पदक धारक बेटे-बेटियों की तादाद पर दुनिया ईर्ष्या करने को बाध्य होगी।

नित-नयी विपरीत स्थितियों की धुंध को चीरते हुए भारत के खिलाड़ी एवं खेल प्रतिभाओं के जज्बे से ऐसे उजालों का अवतरण होगा कि दुनिया आश्चर्य करेंगी। एक ऐसी रोशनी अवतरित होगी जिससे भारतवासियों को प्रसन्नता, गर्व, अभय एवं आशा का प्रकाश मिलेगा। 2024 के पेरिस ओलंपिक से हमें बेहद उम्मीदें हैं। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। पदक बहुतों को मिलते हैं पर सही खिलाड़ी को सही पदक मिलना खुशी देता है। ये देखने में कोरे पदक हैं पर इसकी नींव में लम्बा संघर्ष और दृढ़ संकल्प का मजबूत आधार छिपा है।

**- ललित गर्ग**

# राशिफल

**श्रावण कृष्ण पक्ष : त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जुबान अनियंत्रित न करें। पूंजी का निवेश अभी न करें। बाकि स्वास्थ्य ठीक ठाक, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य नरम गरम बना रहेगा। मन चिंतित रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। प्रेम-संतान का साथ व व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान ठीक ठाक। व्यापार ठीक ठाक।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
परेशानी रहेगी चाहे स्वास्थ्य का मामला हो या साथ का मामला हो। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम, संतान मध्यम ।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम।

# कांवड़ियों की व्यवस्था देखने शनि मंदिर पहुंचे डीएम



**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में श्रावण मास के दौरान चलने वाले कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरूवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा ने श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर सेक्टर-14ए पहुंचे। जहां पर उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए की जा रही सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों एवं कांवड़ियों के ठहरने व सुगम आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ रखा जाए। जिससे श्रद्धालुओं को अपनी कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

डीएम ने मेडिकल कैंप के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल कैम्प पर कावड़ियों को अपने स्वास्थ्य को लेकर किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ख्याल रखा जाये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा के 66 गांवों में ही पानी की सप्लाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 21वीं सदी के शहर ग्रेटर नोएडा को लेकर एक गजब खुलासा हुआ है। आरटीआई एक्टिविस्ट तथा नोएडा विलेज रेजिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा दाखिल की गई एक आरटीआई से यह गजब खुलासा हुआ है।

आरटीआई एक्टिविस्ट तथा नोएडा विलेज रेजिडेंट्स के अध्यक्ष रंजन तोमर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में एक आरटीआई दाखिल की थी। आरटीआई में पूछा गया था कि प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले 122 गांव में से कितने गांव को जलापूर्ति की जा रही है। इसके जवाब में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जो जवाब दिया है उसके मुताबिक प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले 122 गांव में से मात्र 66 गांव में ही प्राधिकरण द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। जबकि 28 गांव में जलापूर्ति के लिए काम चल रहा है 12 गांव में आदर्श ग्राम के रूप में काम किया जा रहा है।



14 गांव में आगणन स्वीकृत की प्रक्रिया चल रही है। जबकि दो गांव में आबादी ना होने के कारण कार्य प्रस्तावित नहीं है।

संगठन के अध्यक्ष रंजन तोमर ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के कारण आम जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी अब गांव के साथ भेदभाव और सौतेला व्यवहार करने लगा है ग्रेटर नोएडा के आधे गांवों में पानी की सप्लाई आज तक नहीं पहुंची है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में स्थित गांव में जलापूर्ति की व्यवस्था तुरंत करने की मांग की है।

## गोविंद शर्मा बने जेल प्रवेक्षक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं (शाहदरा) गांव निवासी गोविंद शर्मा को हापुड़ जिले का अपराध निर्वाचन समिति ने जेल पर्यवेक्षक एवं जिला सचिव मनोनीत किया है यह मनोनयन अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन डॉक्टर उमेश शर्मा ने किया है उन्होंने कहा है कि हापुड़ जिले के सचिव के साथ-साथ गोविंद शर्मा को जेल पर्यवेक्षक की भी जिम्मेदारी सौंप गई है उन्होंने आशा प्रकट किया है कि गोविंद शर्मा समिति के नियमों का पालन करेंगे।



# किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संरक्षक प्रताप नागर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम विवेकानंद मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा की संयुक्त किसान मोर्चा ग़ैर राजनीतिक के आव्हान पर किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा ने 7 फ़रवरी को हरियाणा के बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों पर गोलियां चलाने वाले जवानों को सरकार द्वारा सम्मानित करना निंदनीय है। उसी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने पूरे देश में जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिया है और प्रधानमंत्री से माँग की है कि ऐसे कार्यक्रमों को रोका जाना चाहिए। एमएसपी और स्वामीनाथन रिपोर्ट की माग कर रहे।

केंद्र सरकार किसानों का शोषण कर रही है। किसानों को जब तक उनका हक नहीं मिलता तब तक आंदोलन जारी रहेगा



इस संबंध में किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी ने कहा की संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के आव्हान पर 15 अगस्त को ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालेगा। इस मौक़े पर प्रताप नागर गोफी कोडली संजय कसाना विनोद कसाना विजेंदर सिंह प्रमोद भाटी विधु गोस्वामी विपिन कसाना जीतूँ गुर्जर सुंदर बहसुमा विनोद मलिक मनीष खारी जितेंद्र भाटी सुनील भाटी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# वैश्विक परिवेश के लिए छात्रों को तैयार करता है एमिटी : डा. शुक्ला




**नोएडा ( चेतना मंच )।** 12वी कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों के लिए कैरियर चुनना एक महत्वपूर्ण कार्य होता है इसी क्रम में छात्रों की प्रोग्राम व संस्थान को चुनने के भ्रम को दूर करने और उनकी क्षमता, रूचियों और कौशल को पहचानकार उनका मार्गदर्शन करने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा कैरियर प्लानिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवेश लेने वाले सैकड़ों छात्रों और उनके अभिभावकों को प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ती आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम हर छात्र को सफलता की एक कहानी बनाना चाहते है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ हम छात्रों में मानव मूल्यों को पोषित करते है। तेजी से बदलते इस वैश्विक परिवेश में छात्रो को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते है जिससे चाहे वे व्यापार करे या कोरपोरेट विश्व का हिस्सा बने, सदैव सफल रहे। नई शिक्षा नीति 2020 छात्रों को बहु प्रवेश एंव निकास, नियमित या ऑनलाइन मोड शिक्षा ग्रहण करने का अवसर दे रही है।

एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने कहा कि हम छात्रों को वैश्विक नागरिक बनाने के लिए वैश्विक अनावरण प्रदान करते है जिसमें छात्रों कोएक्सचेंज प्रोग्राम, स्टडी अब्राड प्रोग्राम, इंर्टनशिप अब्राड, सेमेस्टर एक्सचेंज आदि अवसर मिलते है। डा सिंह ने यूके, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में शिक्षण के अवसर और अन्य विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की जानकारी भी दी।

एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि हम छात्रों को सबसे अधिक जीवन मे चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते है। एमिटी में मानव व्यवहार, विदेशी भाषा का ज्ञान और वैश्विक अनवारण प्रदान किया जाता है जो छात्र के पूर्णकालिक विकास के लिए आवश्यक है।

एमिटी विश्वविद्यालय के एडमिशन निदेशक मेजर जनरल भास्कर चक्रवर्ती ने भी छात्रों को संबोधित किया।


# रमाशंकर सिंह यादव की पुस्तकों का विमोचन, कवि सम्मेलन हुआ आयोजित




मिर्जापुर। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार से सम्मानित कलना गहरवार (गैपुरा) निवासी रमाशंकर सिंह यादव के जन्म दिन के अवसर पर एक अगस्त को उनकी दो पुस्तकों मैं और मेर जीवन (आत्मकथा) एवं तुम्हारे जाने पर (कविता संग्रह) का विमोचन मुख्य अतिथि नगर के ज्ञानंदा कालेज की प्रबंध निदेशक डा. शीला सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ शीला सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। नगर के वरिष्ठ साहित्यकारगण भोला नाथ कुशवाहा,गणेश गंभीर,डॉ कमलेश राय, लल्लू तिवारी, बिहारी लाल अंबर, श्याम अचल, नंदिनी वर्मा, शिव प्रकाश साहित्य, आनन्द अमित, मंचासीन रहे और अपने काव्यरस से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गंभीर ने किया। संचालन लोकप्रिय कवि लल्लू तिवारी जी ने बड़ी कुशलता से किया।

इस दौरान अनेक साहित्यकारों, काव्य प्रेमियों सहित ग्राम विकास अधिकारी राकेश तिवारी,प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार यादव, केदार नाथ सविता,सुरेंद्र कुमार यादव, बालकृष्ण यादव, हर्षू प्रसाद, नौसाद, शेषधर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी आए हुए साहित्यकारों आदि को कार्यक्रम संयोजिका पूजा यादव ने पुष्प गुच्छ व सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर सभी का आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद लिया।लोकार्पित पुस्तकों का प्रकाशन हिंदी श्री पब्लिकेशन किया है।



**पूर्व केन्द्रीयमंत्री एवं सांसद गिरराज सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात करते भाजपा नेता रवि पंडित ( हबीबपुर )**

## पृष्ठ एक के शेष....

**गाजियाबाद, मेरठ, बागपत...**

करीब एक घंटे तक कांवड़ यात्रा मार्ग का सर्वेक्षण करना था। इस दौरान मुख्यमंत्री मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर, बागपत में पुरा महादेव और गाजियाबाद में दूधेश्वरनाथ मंदिर का सर्वेक्षण का भी कार्यक्रम था। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को जायजा लेने के साथ ही कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी करनी थी।

मुख्यमंत्री के तीन जिलों में कार्यक्रम के बाद गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर थी। लेकिन अब सीएम का दौरा रद्द हो गया है।

**आम आदमी पार्टी...**

की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अनिल चेची को कोषाध्यक्ष तथा प्रदीप सुनैया को सोशल मीडिया सचिव बनाया गया है। इसके अलावा सचिव पदों पर जीतू भाटी, जयकिशन जयसवाल, गौरव मेहरा, अफ्ज़ल चौधरी, प्रवीन धीमान, विजय श्रीवास्तव, सविता सिंह, विक्की भाटी, जयनारायण कौशिक, शंकर चौधरी, दीपक राजपूत, शिवराज शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं सतीश गौतम, बनवारी लाल गुप्ता, गौरव अवाना, भारत भूषण, सत्य नारायण कुशवाहा, अनिकेत गोगिया, इकबाल अहमद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

राकेश अवाना ने कहा कि हाईकमान के अनुमोदन के बाद 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी गठित की गई है। हर जाति को संतुलित करके गठित कार्यकारिणी संगठन को मजबूती प्रदान करेगी तथा पार्टी का व्यापक विस्तार किया जाएगा।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

**नशे में धुत अफ्रीकी...**

नशे की हालत में पुलिसवालों पर ही भारी पड़ गई। चिल्ला- चिल्लाकर पूछ रही है कि वो ड्राइवर कहां है जिसने उसे बीच रास्ते छोड़ दिया। हालांकि, पुलिस वाले ये बात तो लड़की को नहीं बता सके लेकिन उसकी मदद करते हुए सुरक्षित उसके फ्लैट तक जरूर छोड़ दिया। बीच सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा देख लोगों का जमावड़ा लग गया था। कई लोग महिला की अलोचना करते दिखे।

इस वीडियो के बारे में सूरजपुर थाना प्रभारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि ये मामला करीब साढ़े 8 बजे का है। जहां पेट्रोलिंग के समय दो पुलिस वालों को ये छात्रा दिखी। उसकी समस्या सुनी तो नशे की हालत में कुछ ज्यादा बता नहीं पाई। उसका नाम भी नशे की हालत में कुछ समझ नही आया। छात्रा को सुरक्षित उसके फ्लैट पर पुलिस कर्मियों ने छोड़ दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि लड़की नशे में थी कोई ऑटो चालक उसे बीच रास्ते में छोड़कर चला गया है।

**तालाब में डूबने...**

पुलिस टीम मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ घंटे की खोज के बाद, रात साढ़े नौ बजे के आसपास समीर को तालाब से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मच गया।

**सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ...**

ऋषिकेश ही नहीं गौमुख तक से गंगाजल लाकर भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया जा रहा है।

लाखों की संख्या में कांवड़िए गाजियाबाद पहुंच गए हैं और दूधेश्वर नाथ मंदिर में हाजरी का जल चढ़ा रहे हैं। कांवड़ियों को कोई दिक्कत ना हो, इसी के चलते गुरूवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे के लिए खोल दिए गए थे। सिर्फ सफाई, आरती व भोग के लिए ही मंदिर के कपाट बंद किए गए थे।

मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि आज मंदिर में लाखों कांवड़िए व शिवभक्त भगवान का जलाभिषेक कर रहे हैं। महाराजश्री के दिशा-निर्देशन में जिला व पुलिस प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से मंदिर में ऐसी व्यवस्था की गई है कि सावन शिवरात्रि पर कांवड़ियों व शिवभक्तों को कोई परेशानी न हो। मंदिर में की गई इस बार की व्यवस्था की सराहना हर कोई कर रहा है।

**नोएडा में 25 सदस्यीय....**

गौतमबुद्धनगर में स्थित मंदिरों में आज सुबह से ही जलाभिषेक के लिए कांवड़िये और श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

इस डाक कांवड़ में 25 शिवभक्त थे जो हरौला तथा आसपास के हैं। इस मौके पर मंदिर में शिव भक्तों की काफी भीड़ थी। आज सुबह से ही सनातन धर्म मंदिर में जलाभिषेक करने वालों का तांता लगा हुआ है।

नोएडा में सेक्टर-2 स्थित लाल बाबा मंदिर, सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेक्टर-12 प्राचीन कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-22 में शिव शक्ति मंदिर, सेक्टर- 20 स्थित हनुमान मंदिर तथा ग्रेटर नोएडा, दादरी, दनकौर, जेवर, रबूपुरा, सूरजपुर सहित अन्य स्थानों पर स्थित मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक कांवड़ियों द्वारा किया जा रहा है।

मंदिरों में बड़ी संख्या में कांवड़ियों द्वारा सावन की शिवरात्रि पर जलाभिषेक किया जा रहा है। कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह पुलिस अधिकारियों के साथ थाना रबूपुरा क्षेत्र के अंतर्गत भाईपुर मंदिर व सेक्टर-20 में स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर व थाना फेस-1 क्षेत्र में चिल्ला बॉर्डर का निरीक्षण कर शिवभक्तों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा।

**अवैध अतिक्रमणों...**

प्राधिकरण की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो। हम इस तरह की अवैध गतिविधियों को हतोत्साहित करने के लिए कड़े कदम उठाएंगे। जनता से अपील करते हैं कि वे किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण में शामिल न हों। यह न केवल कानूनी तौर पर अपराध है, बल्कि शहर के नियोजित विकास में भी बाधा डालता है।

इस मौके पर सीईओ व डीएम के अलावा एसीईओ संजय खत्री, डीजीएम (सिविल) विजय रावल, ओएसडी (भूलेख) महेन्द्र प्रसाद, क्रांति शेखर सिंह, अरविंद कुमार समेत वर्क सर्किल प्रभारी तथा उपजिलाधिकारी मौजूद थे।

**हिन्दु-मुस्लिम एकता...**

यहां पर अल-फलाह ह्यूमैनिटी काउंसिल की अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेत्री डा. जीनत अंसारी ने शिविर लगाकर कांवडियों को फ्रूट जूस, बिस्किट, फल तथा पानी वितरित किया। उनके साथ संस्थान की टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। खास बात यह है कि डा. जीनत अंसारी गेरूआ कपड़े पहनकर पूरी तरह शिव भक्त के रूप में नजर आ रही थीं। सभी कांवडियों ने उनके द्वारा वितरित फल, जूस, बिस्किट, पानी का आनंद उठाया। वहां मौजूद लोग कह रहे थे कि हिन्दु-मुस्लिम एकता की मिसाल कोई इनसे सीखे।

# सोमनाथ मंदिर से लौटी कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** चिपियाना बुजुर्ग में सोमनाथ मंदिर (गुजरात) की भव्य कांवड़ यात्रा आज पहुंच गई है। इस कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर शिव भक्त कांवड़ियों का हर-हर महादेव के जयकारों के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर देवन चौधरी, हर्ष चौधरी, सचिन शर्मा, प्रिंस शर्मा, अमित चौधरी, रवि चौधरी, गौरव ठाकुर, नवीन चौधरी, सचिन चौधरी, बादल चौधरी, सतीश गोस्वामी, आशु चौधरी, अनुज चौधरी, गुड्डू चौधरी, उम्मीद ठाकुर, अमन तिवारी, सज्जन चौधरी, निशान चौधरी, निखिल चौधरी आदि शिव भक्ति कांवड़िया मौजूद रहे।



## खास खबर

### ट्रेन से टकराई स्कूली बस 5 की मौत, 20 घायल

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक स्कूल बस और ट्रेन की टक्कर में पांच छात्रों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। परिवहन विभाग ने कहा कि बस और मालगाड़ी की टक्कर बुधवार दोपहर में पूर्वी-दक्षिण अफ्रीका के मपुमलांगा प्रांत के मिडलबर्ग में एक लेवल क्रॉसिंग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में पांच स्कूली छात्रों की मौत हो गई और 20 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### इजरायली हमले में ईरानी सैन्य सलाहकार की मौत

**तेहरान।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में इजरायल की ओर से किये गए हमले में ईरान के सैन्य सलाहकार मिलाद बिदी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट में ईरान की समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट बताया कि बिदी की मौत दहीह उपनगरों में एक इमारत पर इजरायली हमले में हुई, जहां हिज्बुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर फौद शोकोर रह रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिदी शोकोर की इमारत के पास तैनात थे और उनकी मृत्यु की घोषणा में देरी उनकी पहचान के बारे में शुरूआती अनिश्चितता के कारण हुई है।

### घुसपैठियों से भिड़ गई महिला कॉस्टेबल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राणाघाट में सीमा चौकी के पास बीएसएफ की एक महिला जवान का हथियारबंद घुसपैठियों से सामना हो गया। वह अकेली थी, चारों तरफ से घुसपैठियों से घिरी थी, जान जोखिम में थी लेकिन इसके बावजूद वह डरी नहीं बल्कि उनके सामने डटी रही। घुसपैठियों को अकेले ही खदेड़ दिया। इस बीएसएफ की महिला जवान की खूब तारीफ हो रही है। बीते दिनों से लगातार बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ होने के प्रयास को बीएसएफ असफल कर रही है। घुसपैठियों से बॉर्डर पर मुठभेड़ हुई जिसमें कई बीएसएफ जवान घायल भी हुए हैं। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि रात करीब दो बजे महिला कॉन्टेबल ने चाकुओं और तलवारों से लैस घुसपैठियों को सीमा पार करते देखा। महिला कॉन्टेबल ने घुसपैठियों पर हमला किया और उन्हें चेतावनी दी, लेकिन वह भारतीय क्षेत्र में घुस आए, कॉन्स्टेबल को चारों और से घेर लिया और उस पर हमला कर दिया।

### बाघ ने महिला पर कर दिया हमला, मौत

**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर जिले में जिम कार्बेट बाघ अभयारण्य के पास स्थित कालागढ़ इलाके में एक बाघ ने महिला को अपना शिकार बना लिया। बताया जा रहा है महिला अपने घर के आंगन में बर्तन साफ कर रही थी तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यूपी और उत्तराखंड सीमा पर स्थित कालागढ़ इलाके में वर्कचार्ज कालोनी निवासी नितिन की पत्नी टीना (22) बुधवार रात घर के आंगन में बर्तन साफ कर रही थी, तभी पीछे से दीवार फांदकर आए बाघ ने उस पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन के शोर मचाने पर बाघ जंगल की तरफ भाग गया। गंभीर रूप से घायल टीना को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# देश के कई हिस्सों में बारिश का कहर, कई लोगों की मौत

- शिमला, कुल्लू और मंडी में फटे बादल
- डैम फटा कई घर बह गए और 22 लोग लापता हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों के ऊपरी हिस्सों में बादल फटने से तबाही हुई है। शिमला जिला के रामपुर उमण्डल के झाकड़ी इलाके में समेज खड्डु में हाइड्रो प्रोजेक्ट के नजदीक आधी रात को बादल फटने से आई बाढ़ ने कोहराम मचाया और 22 लोग लापता हो गए। इसी तरह मंडी जिला की चोहर घाटी के टिक्कन थलटू कोड में भारी बारिश के बाद आये सैलाब ने कई घरों को नुकसान पहुंचाया और बचने के लिए जंगल की ओर भागे थे और करीब तीन लोग लापता बताए जा रहे हैं। कुल्लू



जिला में आधी रात से हो रही जोरदार भारी बारिश से नदी नालों के जलस्तर में हुई भारी बढ़ोतरी हुई है। मलाणा में पॉवर प्रोजेक्ट 1 का डैम फटा। डैम फटने से सड़के पुल जमीनों को हुआ भारी नुकसान। पार्वती नदी में भारी बाढ़ से भुंतर के आसपास लोगों को अलर्ट जारी किया गया। कुल्लू जिला के बागीपुल में बाढ़ से हुई भारी त्रासदी हुई है। कई घर बह गए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान बारिश व भूस्खलन की वजह से 114 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें 19 घर पूर्ण रूप से ध्वस्त हुए, जबकि 95 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा पांच दुकानें व 87 पशुशालाएं भी धराशायी हुईं। राज्य में मानसून सीजन में 433 करोड़ की संपति को नुकसान पहुंचा है। इसमें लोकनिर्माण विभाग को 189 करोड़ की क्षति हुई है। पिछले करीब एक माह में राज्य में वर्षा जनित घटनाओं में 131 लोगों की मौत हुई है। इसमें सड़क हादसों में 66 लोगों की जान गई। जबकि 65 मौतें उंचाई से फिसलने, डूबने व बहने, करंट व सर्पदंश से हुई हैं। मंडी के जिलाधीश अपूर्व देवगन भी घटना स्थल में राहत एवम बचाव कार्यों के लिए रवाना हो गए हैं। हालांकि भारी वर्षा के कारण सड़क मार्ग भी अवरूद्ध हो गए हैं। शिमला के रामपुर में बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। बीती रात समेज खड्डु में आये सैलाब ने आसपास के गांवों में तबाही का मंजर ला दिया। वीरवार तड़के बादल फटने की सूचना मिलने के बाद उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी रवाना हो गए है। एस डी आर एफ की टीम भी मौके पर पहुंच रही है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र से 19 लोगों के लापता होने की जानकारी है। एसडीएम रामपुर निशांत तोमर घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं। सड़क कई जगह बंद होने के कारण उन्हें दो किलोमीटर पैदल ही उपकरणों के साथ रास्ता तय करना पड़ा। अनुपम कश्यप ने कहा कि राहत कार्य तुरंत

### बारिश के पानी में फैला करंट, तीन की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बीती रात से लगातार भारी बारिश हो रही है। हरियाणा के गुरुग्राम में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में तीन लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक गुरुग्राम से अपने घर लौट रहे थे और इस दौरान फुटपाथ किनारे स्ट्रीट लाइट की लाइन खुली पड़ी थी और यह हादसे का कारण बन गई। तार खुले होने से बारिश के बाद सड़क किनारे भरे पानी में करंट फैल गया और तीनों की जान चली गई। मृतकों की पहचान दिवेश जयपाल और वीजा, उजमा के तौर पर हुई है। परिजनों का आरोप है कि जिस तरह से सड़क के किनारे तार खुले पड़े थे यह बिजली विभाग की लापरवाही है जिस कारण यह हादसा हुआ है। गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी भी कहा जाता है लेकिन बारिश के बाद यहां सड़कें तालाब बन जाती हैं। शहर में पिछले साल ही एक फ्लैट 100 करोड़ रुपए में बिका था, लेकिन इस बारिश में उस फ्लैट में रहने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा क्योंकि देर रात हुई बारिश में गोल्फ कोर्स रोड पर गोल्फ लिंक्स में पानी भर गया।

## वायनाड में जारी है आफत, 276 मौतें और 200 लोग लापता

- बारिश और बढ़ा रही मुश्किल

एजेंसी

**वायनाड।** यहां भूस्खलन में दबे लोगों को जैसे-जैसे निकाला जा रहा है, मौतों की संख्या में इजाफा दिख रहा है। अब तक 276 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा खबर है कि 200 से ज्यादा लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। लेकिन मुश्किल यह है कि वायनाड समेत आसपास के इलाकों में जोरदार बारिश का दौर जारी है, जो अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बारिश के चलते बचाव अभियान चलाने में मुश्किल आ रही है। सेना बचाव अभियान में जुटी है। सेना, नेवी और एनडीआरएफ की टीमें फिलहाल सघन अभियान चला रही हैं, लेकिन मलबे में दबे लोगों को



निकालना आसान नहीं है। खासतौर पर बारिश जारी रहने के चलते मुश्किल हो रही है। कुछ गांव ऐसे हैं कि बाढ़ के चलते उनसे संपर्क ही कट गया है। सेना के प्रवक्ता ने बयान जारी कर बताया कि मुंडक्काई और आसपास के इलाकों में सैनिक जुटे हैं। अब तक करीब 1000 लोगों को बचाकर सेना ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इसके अलावा वायुसेना के हेलिकॉप्टरों को इलाके के सर्वे में लगाया गया है। सीएम पिनराई विजयन का कहना है कि अब तक 1,592 लोगों को बचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आखिरी व्यक्ति को बचाने तक जारी रहेगा। मंगलवार सुबह आई आपदा के चलते तीन गांव लगभग बह गए हैं। बड़े पैमाने पर लोग मलबे में ही दबे रहे गए, जिन्हें निकालना मुश्किल हो रहा है। लापता लोगों की स्थिति क्या होगी या फिर वे किस हाल में पाए जाएंगे, उसे लेकर भी आशंकाओं का दौर जारी है। वायनाड जिला प्रशासन का कहना है कि मारे गए लोगों में 23 बच्चे भी शामिल हैं। अब तक 100 से ज्यादा शवों की पहचान हो चुकी है। वहीं कई मामले ऐसे भी हैं, जहां पूरा परिवार ही तबाह हो गया और अब शवों को लेकर दावा करने भी कोई नहीं आ रहा है। उन इलाकों में सेना अस्थायी पुल भी बना रही है, जहां से संपर्क कट गया है। एक रेडीमेड पुल को तो वायुसेना के सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए दिल्ली से कन्नूर ले जाया गया है। इसके अलावा तीन सर्च और रेस्क्यू डॉग भी ले जाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने आपदा के बाद से गायब लोगों की लिस्ट जारी की है। इन लोगों में सबसे कम उम्र का आदम सायन है, जिसकी उम्र 14 साल है। वहीं सबसे बुजुर्ग 85 साल के अब्दुर्रहमान मुसलियार हैं, जिनकी आयु 85 साल है।

### प्रवासियों को मोहली गांव छोड़ने का फरमान

**फरीदकोट।** उत्तर प्रदेश और बिहार ऐसा राज्य है जहां से सबसे ज्यादा प्रवासी बाहर मजदूरी और अन्य काम करने जाते हैं। इसमें पंजाब भी शामिल है जहां यूपी-बिहार से प्रवासी काम करने जाते हैं। दरअसल मोहाली जिले की ग्राम पंचायत मुधो संगतिया की तरफ से एक विवादित प्रस्ताव पास किया गया है। गांव में रह रहे प्रवासियों को गांव छोड़ने का फरमान सुनाया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक गांव में कोई भी प्रवासियों को रहने के लिए जगह नहीं देगा। प्रस्ताव के अनुसार आगे के लिए भी किसी भी प्रवासी का गांव में कोई भी पहचान पत्र नहीं बनाया जाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि किसी भी प्रवासी को गांव में किराए पर कमरा नहीं दिया जाएगा।

### कांवड़ियों से भरी वाहन बिजली के खंभे से टकराई, पांच की मौत

एजेंसी

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार के बालूमाथ में एक हादसे में 5 कांवड़ियों की मौत हो गई। गुरुवार तड़के तीन बजे कांवड़ियों से भरी एक पिकअप बिजली के खंभे से टकरा गई जिससे पिकअप में करंट फैल गया और 5 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई और 5 कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी कांवड़िये मकईयातांड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सभी कांवड़िया देवघर में पूजा करने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई।पुलिस के मुताबिक कांवड़ियों का पिकअप रात 3 बजे बिजली के खंबे से टकरा गया जिससे वाहन में कंरट फैल गया और यह हादसा हुआ। पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन टकराने के बाद बिजली का खंभा टूट गया। पिकअप में सवार चार महिलाओं और ड्राइवर की मौके पर मौत हुई है। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर किया गया है। यह हादसा बालूमथ थाना क्षेत्र के तम-तम टोला में हुआ। ये कांवड़िये देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर से लौट रहे थे।

### चीन सीमा की बजाय तिब्बत सीमा कहे जाने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन सीमा शब्द पर पुनर्विचार करने और इसके बजाय तिब्बत सीमा का उपयोग करने का आग्रह सिक्किम के सांसद दोरजी शेरिंग लेप्चा ने राज्यसभा में केंद्र सरकार से किया। उनका कहना है कि लेह, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश से सिक्किम तक 1,400 किलोमीटर तक फैला क्षेत्र वास्तव में तिब्बत की सीमा से लगता है, न कि चीन से। बीजेपी सांसद लेप्चा ने कहा कि यह चीन सीमा नहीं है। यह तिब्बत सीमा है। उन्होंने भारत सरकार और सेना, बीआरओ जैसी एजेंसियों से इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता देने का आग्रह किया। दोरजी शेरिंग लेप्चा ने सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास में असमानता का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि चीन ने अपनी तरफ गांव और बुनियादी ढांचा बनाया है, जबकि भारत की तरफ ज्यादातर आरक्षित वन और अभयारण्य हैं जहां आवाजाही प्रतिबंधित है। बीजेपी सांसद दोरजी शेरिंग लेप्चा ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के पास, चीन ने गांव बसाए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले की समीक्षा करने और विकास की योजनाओं में असमानताओं को दूर करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कि चीन काफी समय से हमारे क्षेत्रों पर कड़ी नजर

### इस्लामी प्रचारक अंजेम चौधरी को उम्रकैद

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन में इस्लामी कट्टरपंथी नेता अंजेम चौधरी को आजीवन कैद की सजा सुनाई गई है। वूलविच क्राउन कोर्ट ने बीते सप्ताह अंजेम चौधरी को नफरती भाषणों के जरिए लोगों को उकसाने और आंतकी संगठन अल-मुहाजिरोन को चलाने के लिए दोषी पाया था। ब्रिटिश अदालत ने कहा कि अंजेम चौधरी एक आतंकी संगठन चलाता है जिसका मकसद हिंसक तरीकों से शरिया कानून को पूरी दुनिया में फैलाना है। अल-मुहाजिरोन को एक दशक पहले ही ब्रिटेन में बैन कर दिया गया था। इसके बावजूद वह अलग-अलग नामों से इस संगठन को चला रहा था।

## कमला हैरिस पर डोनाल्ड ट्रंप के नस्लीय कमेंट पर घमासान

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव में मुकाबला डोनाल्ड ट्रंप बनाम कमला हैरिस का होता जा रहा है। बुधवार को नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स के वार्षिक सम्मेलन में ट्रंप ने कमला हैरिस की नस्लीय पहचान पर सवाल उठाया। इसके लिए दर्शकों ने उनका मजाक उड़ाया। लगभग 1000 लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, कमला हैरिस हमेशा से भारतीय मूल की थीं और वह केवल भारतीय मूल को बढ़ावा दे रही थीं। बता दें कि कमला हैरिस ने अश्वेत और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वह पहली अश्वेत और एशियाई अमेरिकी अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने अभी जो



कहा वह घृणित है। यह अपमानजनक है। ट्रंप ने कहा मुझे नहीं पता कि वह भारतीय हैं या अश्वेत लेकिन आप जानते हैं कि मैं दोनों का सम्मान करता हूं। लेकिन वह स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं करती हैं। वह शुरू से ही भारतीय थीं। अचानक उन्होंने एक मोड़ लिया और वह एक अश्वेत व्यक्ति बन गईं। उनक इस बयान का खूब विरोध हुआ है। पैनल साक्षात्कार के दौरान पूछा कि नस्लीय रूप से आक्रामक टिप्पणियों के साथ उनके विवादास्पद इतिहास के बावजूद अश्वेत मतदाताओं को उनका समर्थन क्यों करना चाहिए। ट्रंप ने इस सवाल पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भयानक, शत्रुतापूर्ण और अपमानजनक कहा। साथ ही नकली नेटवर्क करार दिया। ट्रंप ने कहा, मैं अब्राहम लिंकन के बाद से अश्वेत आबादी के लिए सबसे अच्छा राष्ट्रपति रहा हूं। ट्रंप की टीम ने चुनावी अभियान शुरू करते हुए विज्ञापन निकालकर कमला हैरिस को देश के लिए खतरनाक उदारवादी नेता बताया है।

## जब मूल बजट का 30 प्रतिशत भी खर्च नहीं हो पाया तो अनुपूरक बजट की क्या औचित्य : आराधना मिश्रा मोना

- लखनऊ में लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण, सरकार की कानून व्यवस्था के ऊपर सीधे सवाल
- औद्योगिक विकास में उद्योग धंधे नहीं लग रहे हैं सिर्फ इवेंट हो रहे हैं
- अघोषित बिजली कटौती, और खराब बीज की वजह से हुए कम उत्पादन का मुआवजा मिले

एजेंसी

**लखनऊ ।** अनुपूरक बजट का दिखावा और खराब बीज और बिजली कटौती से हुई फसल नुकसान पर कांग्रेस विधानमंडल नेता आराधना मिश्रा मोना ने जनहित के सवाल उठाये और भाजपा सरकार को घेरा कल लखनऊ गोमती नगर में एक लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर विधानसभा में उनका पक्ष रखा और सख्त कार्यवाही की मांग की और सरकार की कानून व्यवस्था & पुलिस मशीनरी पर भी सवाल उठाए ।

आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जब मूल बजट ही खर्च नहीं हो पाया है जिसको सबसे बड़ा बजट बताया गया था तो अनपूरक बजट की लाने की क्या आवश्यकता हो गई , हमारे औद्योगिक विकास को



7500 करोड़ अनूपूरक बजट दिया गया है लेकिन औद्योगिक विकास में मूल बजट का सिर्फ 30 प्रतिशत ही खर्च हो पाया, तो जब मूल बजट ही खर्च नहीं हो पाया तो उसमें अनुपूरक बजट में वित्तीय प्रबंध की जरूरत क्यों पड़ी,आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि हम चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में उद्योग लगे लोगों को रोजगार मिले लेकिन सरकार कुछ भी नहीं बता पा रही है कि 9 साल में उद्योग कहां लगे रोजगार कितने मिले कितने नौजवानों को रोजगार मिला ? सरकार उद्योगों के उद्घाटन नही बता रही,यही बता दें कि उन्होंने कहां पर उद्योगों के शिलान्यास किया और इस औद्योगिक विकास के लिए जो सबसे मूल आवश्यक है बिजली, उस पर सरकार का अभी तक कोई ध्यान नहीं है, इस बार घरेलू उपभोक्ता बिजली की कटौती, लो वोल्टेज, ट्रांसफॉर्मर पकाने से कितना पीड़ित है तो ऐसे में औद्योगिक उद्योग धंधे लगने के लिए बिजली की और आवश्यकता है, क्या कोई नया विद्युत उत्पादन केंद्र बनाने का सरकार का प्लान है, इसके लिए प्रबंध होना चाहिए,आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि यह सरकार सिर्फ औद्योगिक विकास के नाम पर इवेंट कर रही है रेड कारपेट बिछाई जा रहे हैं, अच्छे-अच्छे आयोजन हो रहे हैं जमीन पर कुछ नहीं हो रहा,श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने कल गोमती नगर में हुई दुखद दर्दनाक छेड़खानी की घटना पर विधानसभा में सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की और पुलिस मशीनरी पर भी सवाल उठाया ? श्रीमती मोना ने कहा कि विधानसभा सत्र चल रहा है प्रदेश की राजधानी में मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर अपराधियों के इतने बड़े हौसले बुलंद है, इस तरीके से छेड़खानी घटनाएं दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश में अपराध का जंगलराज है कानून का पालन नहीं हो रहा है। अनुपूरक बजट पर बोलते हुए आराधना मिश्रा मोना मांग की कि सूखा और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए और उन्हें विशेष आर्थिक सहायता पैकेज भी सरकार दे, किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए जिनकी फसलें बिजली न होने की वजह से सिंचाई नहीं हो पाई, खराब बीज की वजह से पूरा उत्पादन नहीं हो पाया, उनको मुआवजा देने की बहुत जरुरत है, और उनका बिजली का बकाया भी माफ होना चाहिए, लेकिन इस मांग पर उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री जवाब नहीं दे पाएआराधना मिश्रा मोना ने सभी विधानसभा & विधान परिषद के सदस्यों के चिकित्सीय चेकप की मानसून सत्र में सदन मांग की थी जिस पर सरकार के द्वारा मांग मान लेने पर आभार व्यक्त किया गया, उसके साथ ही मिलने वाली विधायक निधि पर लगने वाली जी.एस.टी पर सरकार से विचार करने को कहा निधि का 18% लगभग 90 लाख रुपए जी.एस.टी में चला जाता है जिससे क्षेत्र का पूरा विकास नहीं हो पाता, इसके साथ ही श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने प्रत्येक विधानसभा सदस्य को 100 हैंडपंप देने की मांग की। श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 6 करोड़ के सड़क के प्रस्ताव की मांग का समर्थन किया।

## हानिया की मौत के बाद पूरी दुनिया में खलबली, विश्व युद्ध की आशंका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हमास प्रमुख हानिया की ईरान में हुई हत्या ने पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। ईरान को लगता है कि हमारे घर आए मेहमान को मार देना, मतलब ईरान की सीधी तौहीन है और उसके लिए चुनौती भी। इस समय एक सवाल सब जगह गूंज रहा है और वो है कि क्या दुनिया में विश्व युद्ध की दस्तक एक बार फिर तेज हो सकती है। कारण, इजरायल ने जिस तरह से हमास के चीफ को ईरान में घुसकर मार गिराया, उसके बाद दुनिया सहमी हुई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद इजरायल को कड़ी सजा देने



की कसम खाई है। वहीं इजरायल कह रहा है कि वो हर हालात के लिए तैयार है। उसने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस्माइल हानिया समेत हमास के सभी बड़े नेता 6 सालों से कतर में रहा था। कतर से हमास के संबंध अच्छे रहे हैं। हालांकि, 3 महीने पहले ये रिपोर्ट्स आने लगी थीं कि कतर जंग में मध्यस्थता से परेशान हो चुका था। इसके चलते हमास के नेता ओमान शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहे थे लेकिन इससे पहले ही हानिया मारा गया। हानिया की हत्या के बाद हमास और ईरान समर्थक दावा कर रहे हैं कि उसकी हत्या का ग्रीन सिग्नल किसी और ने नहीं, अमेरिका ने दिया था। और तभी नेतन्याहू अमेरिका से वापस इजरायल लौटे और उसके कुछ ही घंटे के भीतर पहले हिजबुल्लाह के नंबर 2 फौद शुकर का और फिर हमास के चीफ हानिया का खात्म कर दिया गया। इस बीच ईरान ने अपनी मस्जिद पर लाल झंडा फहरा दिया है। लाल झंडा यानी बदले का अल्टीमेटम। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने बदले का ऐलान करते हुए कहा कि इस्लामी गणराज्य की सीमाओं के भीतर घटी इस कड़वी और दुखद घटना के बाद, बदला लेना हमारा कर्तव्य है। दूसरी तरफ इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने भी कह दिया कि इजरायल किसी भी हालत का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इस युद्ध में अब तक अमेरिका कभी शांति तो कभी युद्ध को भड़काने वाली भूमिका निभाता आ रहा है। सवाल ये कि क्या ये हमला उसकी मर्जी से हुआ है? और अगर इजरायल पर पलटवार हुआ तो अमेरिका उसका बचाव करेगा? जानकारी के मुताबिक अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा था और अब भी उसकी मदद करेगा। दरअसल, हमास का मुखिया इस्लामिल हानिया ने तेहरान में ईरान के सुप्रीम नेताओं के साथ मुलाकात की। वह ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण में शामिल होने पहुंचा था। इसके चंद घंटे बाद ही वह तेहरान में इजरायली हमले में मारा गया।

### केंद्र और एलजी की लापरवाही से गई महिला और बच्ची की जान

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में भारी बारिश के बाद जलभराव को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। बारिश की वजह से कुछ जगहों पर मौत की भी खबर है। इस बीच आम आदमी पार्टी ने भाजपा और दिल्ली के उपराज्यपाल पर बड़ा आरोप लगाया है। आप ने कहा कि केंद्र सरकार की डीडीए की लापरवाही की वजह से एक महिला और उनकी 2.5 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि बीती रात हुई भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया था। हमारे विधायकों और पार्षदों ने जमीन पर उतरकर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ काम किया। इस बीच मयूर विहार-3 में एक अत्यंत दुखद घटना हुई है और घटना पर बीजेपी और उनके एलजी पूरी तरह से मौन हैं। यहां केंद्र और एलजी की डीडीए की वजह से एक महिला और 2.5 साल की बच्ची की दुखद मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना बीजेपी की डीडीए की लापरवाही वजह से हुई है, क्योंकि यहां नाला बनवाया जा रहा था और डीडीए ने निर्माण स्थल को ढका भी नहीं था और ना ही यहां कोई निशान लगाए थे। यह मौत नहीं बल्कि एक हत्या है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक कुलदीप कुमार वहां गए और हर संभव प्रयास किए लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## खास खबर

### शेमारू उमंग के नए शो शमशान चंपा को दर्शकों में सराहा



**नई दिल्ली।** अलौकिक गाथा 'शमशान चंपा' में तृप्ति मिश्रा शेमारू उमंग के नए अपकमिंग शो 'शमशान चंपा' के पहले प्रोमो की झलक ने दर्शकों के बीच खूब चर्चाएं बटोरीं। इस अलौकिक ड्रामा का निर्देशन मशहूर निर्माता गुल खान ने किया है, जहाँ रहस्य, डर और रोमांच का अद्भुत मिश्रण दर्शकों को देखने को मिलेगा। अपने किरदार को लेकर उत्साहित तृप्ति मिश्रा कहती हैं, मैं हमेशा से गुल मैम द्वारा बनाए गए अनोखे शोज की प्रशंसा करती रही हूँ। यह एक साधारण लड़की की कहानी, जो भगवान शिव की परम भक्त है। इसी बीच जब वह एक डायन बन जाती है, लेकिन उसका दिल हमेशा पवित्र रहता है। ऐसे में चंपा की कहानी क्या है यह प्रोमो दर्शकों को इन रहस्यमय सवालों के साथ छोड़ देता है।

### टोयोटा की बिक्री बढ़कर 31,656 इकाई हुई

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जुलाई में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 44 प्रतिशत बढ़कर 31,656 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि यह उसकी सर्वश्रेष्ठ मासिक बिक्री है। वाहन विनिर्माता ने जुलाई 2023 में घरेलू तथा निर्यात दोनों मिलाकर 21,911 इकाइयों की आपूर्ति की थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक अधिकारी ने बयान में कहा कि हमारे सभी मॉडल की मांग, खासकर एसयूवी तथा एमपीवी खंडों में अब तक के उच्चतम स्तर पर बनी हुई है।

### टीपी परिवर्त महाराष्ट्र में सौर परियोजना करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** टीपी परिवर्त लिमिटेड ने महाराष्ट्र के अकोला में टाटा स्टील के लिए 70 मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित करने के लिए एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। टीपी परिवर्त टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की अनुषंगी कंपनी है। वहीं टीपीआरईएल, टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी है। बीएसई को दी सूचना के अनुसार टीपी परिवर्त ने देश की अग्रणी इस्पात विनिर्माण कंपनियों में से एक टाटा स्टील के साथ महाराष्ट्र के अकोला में 70 मेगावाट के समूह कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए विद्युत वितरण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी सूचना के अनुसार इस परियोजना से सालाना 15 .4 करोड़ यूनिट बिजली उत्पन्न होने और कार्बन उत्सर्जन में 1,15,000 टन की कमी आने की उम्मीद है।

### यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक समर्थित एसएएएस मंच यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड के 276 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 102 से 108 करोड़ रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने घोषणा की कि उसका पहला सार्वजनिक निर्गम छह अगस्त को खुलेगा और आठ अगस्त को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक पांच अगस्त को बोली लगा सकते हैं। यह निर्गम पूर्णत: बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसलिए इससे अर्जित पूरी आय विक्रयकर्ता शेयरधारकों को दी जाएगी। यूनीकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस की स्थापना 2012 में की गई। यह भारत का अग्रणी ई-वाणिज्य सक्षम सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (एसएएएस) मंच है।

### रुपया एक पैसे बढ़कर 83.67 डॉलर पर खुला

**मुंबई।** रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार में एक पैसे की बढ़त के साथ 83.67 प्रति डॉलर पर खुला। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर में मामूली गिरावट आई लेकिन ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में और बढ़ोतरी से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 83 .67 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। शुरूआती सौदों में उसने 83 .67 से 83 .69 प्रति डॉलर के बीच सीमित दायरे में कारोबार किया।

# 2000 के 97.92 फीसदी नोट बैंकों में आए वापस : आरबीआई

एजेंसी





**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.92 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए सिर्फ 7,409 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब लोगों के पास हैं। हालांकि, ये नोट अब भी लीगल टेंडर हैं। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि 31 जुलाई 2024 तक दो हजार रुपये मूल?य के नोट घटकर 7,409 करोड़ रुपये रह गए हैं। इस प्रकार 97.92 फीसदी नोट बैंकों के पास लौट कर आ गए हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को दो हजार रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। दो हजार रुपये मूल्य के नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक देश की सभी बैंकों की शाखाओं में उपलब्ध थी लेकिन चलन से वापस लिए गए दो हजार के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में अब भी उपलब्ध है। आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों और इकाइयों से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए दो हजार के बैंक नोट को स्वीकार किया जा रहा है। इसके अलावा देशभर में भारतीय डाक के जरिए दो हजार रुपये मूल्य के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में लोग भेज रहे हैं, जो उनके बैंक खाते में जमा हो जाता है। रिजर्व बैंक के मुताबिक दो हजार के बैंक नोटों को जमा/विनिमय करने वाले 19 आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालयों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम हैं। उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2016 में एक हजार रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को चलन से हटाने के बाद दो हजार रुपये के बैंक नोट जारी किए गए थे।

## नई येज्दी एडवेंचर: डिजाइन, परफॉरमेंस और फीचर का बेहतरीन मिश्रण

एजेंसी



**रांची।** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स नई येज्दी एडवेंचर को लॉन्च कर रोमांचित है, जिसे अपेक्षाकृत अधिक बोल्ड कारनामों के लिए नए सिरे से निर्मित (रीइंजिनियर) और डिजाइन (रीडिजाइन) किया गया है। नई येज्दी एडवेंचर की कीमत 2,09,900 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती है।येज्दी एडवेंचर में तीन कमाल की चीजें हैं - अनोखा डिजाइन है, इसमें कई तरह के फीचर हैं और बेहतरीन परफॉरमेंस है। यह ट्राइफेक्टा इसे परफॉरमेंस, फीचर और वैल्यू के मिश्रण की तलाश करने वाले सवारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है। जावा येज्दी मोटरसाइकिल के सीईओ, आशीष सिंह जोशी ने इस मोटरसाइकिल के बारे में बात करते हुए कहा, 'येज्दी एडवेंचर ने हमेशा से ही बेहतरीन संतुलन को अपनाया है, जो किसी भी टरेन में शानदार तरीके से चलने के लिए बना है। अब, हम उस संतुलन को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। हमने अपना नया अल्फा2 लिक्विड-कूल्ड इंजन लगाया है, सिक्स-स्पीड गियरबॉक्स को बरकरार रखा है, साथ ही स्विचेबल एबीएस मोड जैसे महत्वपूर्ण फीचर जोड़े हैं। लेकिन हमने इसमें कुछ अभूतपूर्व बदलाव भी किया है: हमने बोल्ड डिजाइन, उन्नत फीचर और बेहतरीन प्रदर्शन का आदर्श प्रतीक तैयार किया है। हमने अब कीमत के साथ बदलाव की एक और परत जोड़ दी है। तो अब, यह सिर्फ एक अपग्रेड नहीं है, बल्कि यह इस श्रेणी के लिहाज से एक क्रांति है। मुझे यकीन है कि नई येज्दी एडवेंचर गंभीर एडवेंचर राइडर्स के लिए शानदार विकल्प बनेगी। यह बस एक मोटरसाइकिल नहीं है; यह अपनी श्रेणी में नया बेंचमार्क है। येज्दी एडवेंचर अपने नए और बोल्ड रंगों की रेंज के साथ अलग है।

## धीमी रही भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर नए ठेकों और उत्पादन की धीमी रफ्तार की वजह से जुलाई माह में मामूली रूप से धीमी रही। वहीं लागत दबाव तथा मांग में मजबूती के कारण अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि हुई। गुरुवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई में घटकर 58.1 हो गया जो जून में 58.3 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में जुलाई में विस्तार की गति मामूली धीमी रही लेकिन अधिकतर घटकों के मजबूत स्तर पर बने रहने के कारण यह छोटी गिरावट चिंता का कारण नहीं है। भारतीय विनिर्माताओं ने जून से मंदी के बावजूद नए ठेकों में पर्याप्त वृद्धि की सूचना दी। एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया में स्थित ग्राहकों की ओर से मांग में मजबूती की भी खबर है। भारतीय विनिर्माताओं ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय बिक्री में मजबूत वृद्धि का अनुभव किया। सर्वेक्षण के अनुसार विस्तार की समग्र दर उल्लेखनीय रही और 13 वर्षों में दूसरी सबसे मजबूत थी। कीमतों के मोर्चे पर, मांग में उछाल ने भी कीमतों पर दबाव डाला। कच्चे माल की लागत में करीब दो वर्षों में सबसे तेज वृद्धि हुई, जिसने अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे तेज वृद्धि में योगदान दिया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## कई फिनफ्लूएंसर्स सेबी की रडार पर, होगी कार्रवाई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया में कई लोग या फिनफ्लूएंसर्स शेयर बाजार को लेकर गैर-कानूनी और भ्रामक जानकारी देते हैं। इनकी सलाह मानकर कई लोग बाजार में निवेश करते हैं और ठगे जाते हैं। अब ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल, कई फिनफ्लूएंसर्स मार्केट रेगुलेटर सेबी की रडार पर आ गए हैं। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया पर शेयर बाजार से जुड़ी गलत जानकारी देने वाली 8,890 पोस्ट्स की पहचान की है, जिनमें कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सेबी ने इस बारे में संबंधित प्लेटफॉर्म्स और ऐप्स के बारे में जानकारी दी है। इनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, यूट्यूब आदि शामिल हैं। बाजार के बारे में झूठे क्लेम के लिए इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पिछले एक साल से सेबी ऐसे भ्रामक या गैरकानूनी सलाह पर लगाम लगाने की कोशिश कर रहा है जो फाइनेंशियल इनफ्लूएंसर्स या फिनफ्लूएंसर्स की तरफ से दिए जाते हैं। मार्केट रेगुलेटर ने कहा है कि निवेशकों को गारंटीड रिटर्न का वादा किया जाता है। उन्हें भ्रम में डाल रखने के लिए टेक्निकल शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। सोशल मीडिया और ऐड में भ्रामक सबूत दिए जाते हैं।

## अमेजन प्राइम मेंबर्स को शीघ्र करता है डिलीवर



**रांची।** अमेजन प्राइम अब उसी-दिन 10 लाख से अधिक और अगले दिन 40 लाख से अधिक उत्पादों की डिलीवरी करता है, जबकि अधिक सतत डिलीवरी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। अमेजन इंडिया भारत भर में ग्राहकों को तेज, विश्वसनीय और सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प प्रदान करने के लिए नवाचार करता रहता है। 2014 में भारत में अगले दिन डिलीवरी का अग्रणी बनने से लेकर 2017 में प्राइम मेंबर्स के लिए उसी-दिन डिलीवरी की शुरूआत तक, हमने सबसे बड़ी उत्पाद श्रृंखला के लिए तेज और विश्वसनीय डिलीवरी को प्राथमिकता देना जारी रखा है। ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हमने उसी-दिन और अगले दिन डिलीवरी के लिए उपलब्ध उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत किया है। आज, प्राइम मेंबर्स को अमेजन.इन पर 10 लाख से अधिक उत्पादों पर मुफ्त, असीमित उसी-दिन डिलीवरी और 40 लाख से अधिक उत्पादों पर अगले दिन डिलीवरी मिलती है। वैश्विक स्तर पर, 2023 में अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड देने के बाद, अमेजन ने प्राइम सदस्यों के लिए एक नया डिलीवरी स्पीड रिकॉर्ड बनाया है।

## सरकार आज से 50 रुपये प्रति किलो के भाव से बेचेगी टमाटर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में लोगों को राहत देने के लिए शुक्रवार से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के दाम पर टमाटर बेचेगी। सरकार अभी भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोकता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) के जरिए 60 रुपये किलोग्राम के भाव पर उपभोक्ताओं को टमाटर बेच रही है। हालांकि, खुदरा बाजार में यह 60 रुपये प्रति किलोग्राम के दर पर बिक रहा है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने गुरुवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यहम दो अगस्त, शुक्रवार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और मुंबई में 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर टमाटर बेचना शुरू करेंगे। फिलहाल एनसीसीएफ मोबाइल वैन के जरिए दिल्ली-एनसीआर के 16 और मुंबई में चार जगहों पर 60 रुपये प्रति किलो टमाटर बेच रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 31 जुलाई को टमाटर की अखिल भारतीय औसत कीमत 61.74 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इससे एक दिन पहले दिल्ली में टमाटर की औसत कीमत 70 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दरअसल पिछले महीने टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई थी। इसकी वजह कई उत्पादक राज्यों में गर्मी और अनियमित बारिश के कारण टमाटर की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 60 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर की बिक्री इसी हफ्ते शुरू की थी। इसके बाद मुंबई में भी एनसीसीएफ ने टमाटर की बिक्री शुरू की है।

### ब्रेनबीज के आईपीओ का मूल्य दायरा 440-465 रुपए प्रति शेयर

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ई-वाणिज्य मंच फर्स्टक्राई की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 440-465 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का 4,194 करोड़ रुपये का आईपीओ छह अगस्त को खुलेगा। तीन दिन का निर्गम आठ अगस्त को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक पांच अगस्त को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। पुणे स्थित ब्रेनबीज सॉल्यूशंस के प्रस्तावित निर्गम में 1,666 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और 2,528 करोड़ रुपये के 5.44 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। इससे इस आईपीओ का आकार 4,194 करोड़ रुपये है।

## आज खुलेगा ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ

एजेंसी



**मुंबई।** ओला इलेक्ट्रिक देश में ई-स्कूटर बाजार में सबसे बड़ी कंपनी में से एक है। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ सब्सक्राइब करने के लिए दो अगस्त को खुलेगा। ओला का इश्यू के जरिये करीब 74 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य है। ओला इलेक्ट्रिक का लगभग 74 करोड़ डॉलर का आईपीओ किसी भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता की तरफ से लॉन्च किया जा रहा पहला पब्लिक इश्यू है। एक अखबार में कंपनी के विज्ञापन के अनुसार आईपीओ के प्राइस बैंड 72-76 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ में बोली लगाने वाले एलिजिबल कर्मचारियों के लिए प्रति शेयर 7 रुपये की छूट दी जायेगी। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ सब्सक्राइब करने के लिए 2 अगस्त को खुलेगा और यह बोली लगाने के लिए 6 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी अपने आईपीओ नए शेयर और 8.49 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। कंपनी की पिछली पेशकश के मुकाबले ओएफएस का आकार 9.52 करोड़ शेयरों से घटाया गया है। अग्रवाल इसमें अपने 3.79 करोड़ शेयरों की पेशकश कर रहे हैं, यह कंपनी के डीआरएचपी में बताए गए 4.74 करोड़ के मुकाबले कम है। अग्रवाल के बाद, सॉफ्टबैंक विजन फंड्स-2 इस आईपीओ में सबसे ज्यादा 2.38 करोड़ शेयरों की पेशकश कर रही है। कंपनी ने अपने डीआरएचपी में कहा है कि वह आईपीओ से मिलने वाली राशि में 1600 करोड़ रुपये रिसर्च एवं डेवेलपमेंट ) पर, 1227.6 करोड़ रुपये अपनी निर्माण इकाई के विस्तार पर खर्च करेगी। कंपनी पूरी तरह या आंशिक रूप से कर्ज चुकाने के लिए भी 800 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल करेगी। ईवी कंपनी का आईपीओ 9 अगस्त को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट किया जा सकता है। इसके साथ ही आईपीओ लाने वाली यह पहली भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी बन जाएगी।

## विंडफॉल टैक्स घटकर 4,600 रुपये प्रति टन, नई दरें लागू

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम में गिरावट के बीच घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में 34.2 फीसदी की कटौती की है। सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 7 हजार रुपये प्रति टन से घटाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को 7 हजार रुपये प्रति टन से घटाकर अब 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। हालांकि, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाले दर को शून्य पर बरकरार रखा गया है। इससे पहले पिछले महीने 16 जुलाई में घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 6 हजार रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7 हजार रुपये प्रति टन कर दिया गया था। वहीं, सरकार ने डीजल, पेट्रोल और विमानन ईंधन एटीएफ पर लगने वाला अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर बरकरार रखा है। उल्लेखनीय है कि हर पखवाड़े विंडफॉल टैक्स की समीक्षा की जाती है। भारत सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर पहली बार जुलाई 2022 में विंडफॉल टैक्स लगाया गया था।

## एफडीआई आकर्षित करने रणनीतिक सुधार जरूरी : जीटीआरआई

- भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 44.4 अरब अमरीकी डॉलर का एफडीआई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया
- भारत को चीन से स्थानांतरित होने वाले या वैकल्पिक उत्पादन स्थानों पर विचार करने वाले व्यवसायों को आकर्षित करने के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी लागत संरचना की पेशकश करनी चाहिए

एजेंसी




**नई दिल्ली।** देश में वैश्विक निवेशकों को ओर अधिक आकर्षित करने रणनीतिक सुधारों की जरूरत है, क्योंकि प्रचुर संभावनाएं होने के बावजूद एफडीआई आंकड़े यह बताते हैं कि देश ने अपने अवसरों का पूरी तरह से लाभ नहीं लिया है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने गुरुवार को यह बात कही। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने चार-चरणीय योजना का सुझाव दिया और कहा कि भारत को विदेशी निवेशकों के लिए एक अग्रणी विकल्प के रूप में स्थापित करने में मदद करने वाले उपायों में देश में स्थानांतरित होने वाली कंपनियों के लिए लागत संबंधी नुकसान को कम करना, समूचे कारोबारी चक्र में व्यापार सुगमता में सुधार करना और निवेश प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए एक रूपरेखा स्थापित करना शामिल है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 44.4 अरब अमरीकी डॉलर का एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) आकर्षित किया, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल 1.1 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ने कहा कि विश्व विकास रिपोर्ट 2023 में उल्लेख है कि देश चीन (189.1 अरब अमरीकी डॉलर), ब्राजील (86.1 अरब अमरीकी डॉलर), ऑस्ट्रेलिया (61.6 अरब अमरीकी डॉलर) और कनाडा (52.6 अरब अमरीकी डॉलर) जैसे देशों से काफी पीछे है। जीटीआरआई ने सुझाव दिया गया कि भारत को चीन से स्थानांतरित होने वाले या वैकल्पिक उत्पादन स्थानों पर विचार करने वाले व्यवसायों को आकर्षित करने के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी लागत संरचना की पेशकश करनी चाहिए। इसके लिए भारत को चार लागत-संबंधी घटकों श्रम, दर सामग्री, ऊर्जा और वित्तीय लागत पर ध्यान देने की जरूरत है।

### प्रह्लाद जोशी ने पीएमएस मोबाइल एप के 4.0 संस्करण को किया लांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक?ता खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी ने गुरुवार को मूल्य निगरानी प्रणाली (पीएमएस) मोबाइल एप के 4.0 संस्करण को लॉन्च किया। इस एप के जरिए अब कुल 38 वस्तुओं के मूल्य की निगरानी की जाएगी। प्रह्लाद जोशी ने यहां मूल्य निगरानी प्रणाली मोबाइल एप के 4.0 संस्करण को लॉन्च करते हुए कहा कि भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक अगस्त, 2024 से मूल्य निगरानी के तहत 16 अतिरिक्त वस्तुओं को शामिल किया है। जोशी ने बताया कि पहले दैनिक मूल्यों की निगरानी के तहत 22 वस्तुओं को इसमें शामिल किया गया था, जो बढ़कर अब 38 हो जाएंगी। उपभोक्ता मामलों का विभाग 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 केंद्रों से दैनिक कीमतों की निगरानी कर रहा है।



# डेब्यू के लिए तैयार वरुण धवन की भतीजी अंजिनी

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पंकज कपूर अभिनीत, एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा है। प्रशंसकों को उत्साहित करने के लिए निर्माताओं ने फिल्म पहला पोस्टर भी जारी किया है। साथ ही रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया गया है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

बिन्नी एंड फैमिली का फर्स्ट लुक पोस्टर बालाजी मोशन पिक्चर्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी किया गया। पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, पुराने जमाने के संस्कार बनाम आजकल के आधुनिक विचार। जटिलताओं से भरी फैमिली है बिन्नी की, पर ये कहानी है हम सब की। मिलिए बिन्नी एंड फैमिली से 30 अगस्त को अपने नजदीकी सिनेमा घरों में। बिन्नी एंड फैमिली एक आम परिवार के जरिए पीढ़ियों के रिश्तों को दर्शाने वाली है। यह फिल्म कुछ खट्टी मीठी कहानी के जरिए दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। अंजिनी धवन के अलावा फिल्म में दिग्गज अभिनेता पंकज कपूर, हिमानी शिवपुरी, राजेश कुमार, चारु शंकर और अन्य कलाकार भी हैं। अंजिनी धवन, अभिनेता अनिल धवन की पोती और सिद्धार्थ धवन की बेटी हैं। वे बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर के साथ दोस्ती का प्यारा रिश्ता साझा करती हैं। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले अंजिनी वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म कुली नंबर 1 के सेट पर सहायक निर्देशक थीं।



# ओपन रिलेशनशिप को लेकर क्या सोचती हैं जान्हवी

## बताया अपना ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन

**जान्हवी कपूर और शिखर पहारिया का रिलेशनशिप किसी से अब छुपा नहीं रह गया है। दोनों को अक्सर कई मौको पर एक साथ देखा जा चुका है। जब प्यार की बात आती है तो जान्हवी परंपरावादी दृष्टिकोण अपनाती हैं। वह ओपन रिलेशनशिप जैसे रिश्तों पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करतीं। लेकिन जब उन्हें किसी ने ओपन रिलेशनशिप को लेकर सलाह दी थी, तो जान्हवी ने इस सलाह के बारे में क्या कहा होगा।**

जान्हवी इन दिनों अपनी फिल्म उलझ को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। जान्हवी की फिल्म उलझ 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रशंसकों को जान्हवी की हर एक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्मों में व्यस्त रहने के बावजूद भी जान्हवी रोमांस के लिए वक्त निकाल ही लेती हैं। हाल ही में हुई अनंत अंबानी और राधिका की शादी के सभी समारोह में जान्हवी और शिखर को एक साथ देखा गया। जान्हवी और शिखर पहारिया के बीच का रोमांस अक्सर चर्चा में बना रहता है। जान्हवी और शिखर कभी भी अपने प्यार का इजहार करने से नहीं कतराते। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिलेशनशिप को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हाल ही में जान्हवी कपूर ने डेटिंग के बारे में मिली सलाह के बारे में एक दिलचस्प खुलासा किया। इसके साथ ही जान्हवी ने बताया अपना ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन।

ओपन रिलेशनशिप को लेकर मिली थी सलाह मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी से पूछा गया कि उन्हें अब तक मिली सबसे बेतुकी रिलेशनशिप सलाह क्या है। इस पर उन्होंने जवाब दिया, आप ओपन रिलेशनशिप क्यों नहीं आजमातीं। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसको देखकर जान्हवी के प्रशंसक यही अनुमान लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर उन्हें यह सलाह किसने दी होगी।

### जान्हवी का ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी से उनकी ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने तिरुपति को उनकी पसंदीदा ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन बताया। जान्हवी अक्सर तिरुपति दर्शन के लिए जाती रहती हैं।

# 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर एक और रीमेक की तैयारी में


अभिनेता विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म के तौर पर प्रचारित की गई उनकी तमिल फिल्म 'महाराजा' ने टिकट खिड़की पर ठीकठाक कारोबार किया और अब ये फिल्म ओटीटी नेटफिलक्स पर अपनी मूलभाषा के साथ साथ अन्य भाषाओं में भी प्रसारित हो रही है। खबर है कि अभिनेता आमिर खान ने इस फिल्म के हिंदी रीमेक राइट्स खरीदे हैं और वह खुद इस फिल्म में विजय सेतुपति वाला किरदार करना चाहते हैं। लेकिन, उनके इस कदम को लेकर फिल्म जगत में हो रही चर्चाएं बहुत सकारात्मक नहीं हैं। अभिनेता विजय सेतुपति की फिल्म 'महाराजा' की कहानी बदले की कहानी है और दो अलग अलग समयों में चलती है। फिल्म में अनुराग कश्यप ने विलेन का किरदार निभाया है और फिल्म की सबसे कमजोर कड़ी भी वही माने जाते रहे हैं। इसके अलावा फिल्म की धीमी रफ्तार और इसके क्लाइमेक्स के 20 मिनट में ही पूरी फिल्म का सार होने के चलते फिल्म को बहुत ज्यादा समर्थन विजय सेतुपति के धुर प्रशंसकों का भी नहीं मिला है। फिल्म को हालांकि एक कालजयी फिल्म का दर्जा देने वालों की भी कमी नहीं है। विजय सेतुपति की चर्चा पहले फिल्म 'विक्रम वेधा' को लेकर हिंदी भाषी क्षेत्रों में होनी शुरू हुई थी जिसमें उन्होंने दमदार अभिनेता आर माधवन के साथ काम किया। खबर है कि आमिर ने विजय सेतुपति की हालिया रिलीज इस फिल्म 'महाराजा' के हिंदी रीमेक अधिकार खरीदे हैं। ट्रेड एक्सपर्ट मानते है कि ओटीटी पर आने के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स पहले से ही सोशल मीडिया पर लीक हो चुका है, ऐसे में इसे हिंदी में देखने वालों की संख्या काफी कम रह सकती है।



# एक ही दिन दो फिल्में रिलीज होना किसी भी कलाकार के लिए पूर्णता का एहसास देता है

मंजरी फडनिस को सिनेमा की बिंदास बाला के साथ साथ ओटीटी की चपल चंचला का भी खिताब मिल चुका है। हालिया रिलीज सीरीज 'फीलांसर' में लोगों को उनका काम बेहद पसंद आया। उससे पहले 'मासूम' और 'मियां बीवी और मर्डर' में भी अपनी कातिलाना अदाओं से वह अपने प्रशंसकों की खूब तालियां बटोर चुकी हैं। सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट की फिल्म 'चलती रहे जिंदगी' को अपनी अलग अलग कहानियों के लिए खूब तारीफ मिल रही है और सबसे ज्यादा तारीफ उस कहानी की हो रही है जिसमें मंजरी ने कथक डांस टीचर की भूमिका निभाई है। इस बारे में 'मंजरी कहती हैं, एक ही दिन में दो फिल्में एक साथ रिलीज होना किसी भी कलाकार के लिए एक अलग ही पूर्णता का एहसास देता है। दोनों फिल्में बिल्कुल अलग अलग श्रेणियों की है और दोनों में मैंने बिल्कुल भिन्न किरदार किए हैं। एक में मैं अपने परिवार का खूब ख्याल रखने वाली नरमदिल, सहज और सरल कथक डांस टीचर बनी हूं। 'चलती रहे जिंदगी' नामक ये फिल्म कोरोना के संकट काल की कहानियां कहती है। दूसरी फिल्म 'यूपी फाइल्स' में मैं एक दबंग पुलिस अधिकारी के रोल में हूं जो वहां के मुख्यमंत्री की कानून और व्यवस्था की स्थिति सुधारने में मदद करती है। मैं इन दोनों फिल्मों की सफलता की कामना करती हूं और दोनों फिल्मों से जुड़े सभी लोगों के लिए लाभदायक रहें। मंजरी फडनिस की बीते शुक्रवार रिलीज फिल्म 'यूपी फाइल्स' कथित रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आधारित बताई जाती है। फिल्म में उनके जैसे ही पहनावे वाले में अभिनेता मनोज जोशी ने अभय सिंह का किरदार निभाया है जो राज्य में कानून और व्यवस्था कायम करने की मुहिम छेड़ता है।

# रणबीर कपूर की रामायण में हुई कुणाल कपूर की कास्टिंग



रंग दे बसंती, आजा नच ले और लव शव ते चिकन खुराना जैसी फिल्मों में नजर आ चुके एक्टर कुणाल कपूर नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही माइथोलॉजिकल फिल्म रामायण का हिस्सा बन चुके हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, कुणाल कपूर ने फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिया है। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्री राम का रोल प्ले कर रहे हैं, जबकि साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी माता सीता के रोल में हैं। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े सूत्र के हवाले से बताया गया है कि कुणाल ने अपने किरदार के लिए कॉस्ट्यूम ट्रायल भी कर लिए हैं और वो अब स्क्रिप्ट रिहर्सल कर रहे हैं। फिलहाल एक्टर फिल्म में क्या किरदार निभाएंगे, इससे जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

# मलयालम फिल्मों से हाथ पीछे खींचने की योजना बना रहे दुलकर सलमान?



दुलकर सलमान इन दोनों अपनी अगली फिल्म लकी भास्कर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने जन्मदिन पर अपनी आगामी तेलुगु परियोजना आकाशम लो ओका तारा की घोषणा की। हालांकि, अब अभिनेता के प्रशंसकों को झटका लग सकता है, क्योंकि उनके घरेलू उद्योग, मलयालम सिनेमा में अभिनेता की अगली फिल्म के बारे में कोई अपडेट नहीं है। कथित तौर पर अभिनेता ने भविष्य में अपनी अगली मलयालम फिल्म की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दुलकर सलमान ने अभी तक मलयालम सिनेमा में अपनी अगली फिल्म साइन नहीं की है। अभिनेता-निर्माता अपनी पिछली मलयालम फिल्म किंग ऑफ कोठा की आलोचनात्मक और व्यावसायिक विफलता से निराश हैं। अब वे कथित तौर पर मलयालम उद्योग में अपनी कुछ फिल्मों पर अच्छे से विचार करना चाहते हैं। अफवाह है कि दुलकर मलयालम में अपनी अगली फिल्म के लिए कुछ लोकप्रिय युवा फिल्म निर्माताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। आरडीएक्स फेम फिल्म निर्माता नाहास हिदायत को अभिनेता की अगली मलयालम परियोजना का निर्देशन करने के लिए लगभग फाइनल कर लिया गया है। हालांकि, दुलकर सलमान ने कथित तौर पर अपनी अगली मलयालम फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं करने का फैसला किया है, जब तक कि स्क्रिप्ट आधिकारिक तौर पर तय नहीं हो जाती।



# प्रभास की राजा साब बनी तेजा सज्जा की फिल्म के लिए

मुसीबत, आगे खिसकेगी मिराय की रिलीज की तारीख प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी पैन इंडिया फिल्म हनुमान ने तेजा सज्जा को सुपरस्टार बना दिया। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद अब वे अपनी अगली फिल्म से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अप्रैल, 2024 में उनकी अगली पैन इंडिया फिल्म मिराय की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान किया था, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि फिल्म की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया जा सकता है। कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित मिराय की रिलीज की तारीख पहले 18 अप्रैल, 2025 तय की गई थी। फिल्म की टीम ने बताया कि अन्य फिल्मों के साथ टकराव से बचने के लिए पहले ही इसकी घोषणा कर दी गई थी। हालांकि, अब एक और पैन इंडिया फिल्म के साथ टकराव से बचने के कारण फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव की योजना बनाई जा रही है। दरअसल, अखिल भारतीय अभिनेता प्रभास अभिनीत द राजा साब को अब 10 अप्रैल, 2025 को कई भाषाओं में रिलीज करने की पुष्टि की गई है, जिससे मिराय को खतरा है। माना जा रहा है कि तेजा सज्जा की मिराय प्रभास की द राजा साब के इर्द-गिर्द चर्चा के कारण दब सकती है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों फिल्में पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित हैं। प्रभास की फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा को देखते हुए यह चर्चा शुरू हो गई है कि मिराय की रिलीज की तारीख को अब आगे खिसकाया जाएगा। इस बीच मिराय की शूटिंग अभी चल रही है। वहीं, प्रोडक्शन हाउस फिल्म के लिए नई योजनाएं बनाने पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, अभी इन खबरों पर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। बहुभाषी फिल्म मिराय में तेजा सज्जा के साथ मुख्य भूमिका में रितिका नायक भी नजर आएंगी। यह फिल्म भारी भरकम बजट के साथ बनाई जा रही है और पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर के तहत टीजी विश्वप्रसाद द्वारा निर्मित की जा रही है। फिल्म का निर्देशन ईगल फेम कार्तिक घट्टामनेनी निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म हिंदी समेत आठ भाषाओं में रिलीज की जाएगी, जिसमें तमिल, तेलुगु, कन्नण, मलयालम, बंगाली, मराठी और चाइनीज भाषा शामिल है।

# अल्फा के लिए फिटनेस ट्रेनिंग ले रहीं शरवरी वाघ

मुंजा की अपार सफलता के बाद शरवरी ने वाईआरएफ स्पाई थ्रिलर अल्फा की शूटिंग शुरू कर दी है। आलिया भट्ट के साथ अपने एड्रेनालाईन पंपिंग शूटिंग शेड्यूल से एक दिन पहले शरवरी कड़ी तैयारी कर रही हैं। अब शरवरी ने अल्फा के लिए अपनी सुपरफिट बॉडी को दिखाते हुए मुंबई के समुद्र तट पर दौड़ते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं शरवरी अपनी फिटनेस का हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी फिटनेस दिखाते हुए कुछ झलकियां साझा कीं। पहली महिला प्रधान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट, शरवरी ने अल्फा में सुपर-एजेंट की भूमिका निभाई है। इसका निर्देशन शिव रवैल द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने द रेलवे मेन सीरीज का भी निर्देशन किया था।



# जल भराव रोकने को सीईओ ने दिये कई निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** बरसात के मौसम में नोएडा शहर में जल भराव समेत अन्य समस्याओं से शहरवासियों को निजात दिलाने के मकसद से गुरूवार को नोएडा सीईओ लोकेश एम ने प्राधिकरण के विभिन्न विभागों के साथ बैठक की।



नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित मुख्य प्रशासनिक कार्यालय में हुई बैठक में सीईओ ने नोएडा एक्सप्रेस वे से सैक्टर-14ए, 15ए एवं सेक्टर-16ए की तरफ मुड़ने वाले लेफ्ट टर्न पर जल भराव को समाप्त करन के लिऐ फुटपाथ में पाईप के स्थान पर चौड़ी नाली बनाने एवं पीछे ग्रीन बेल्ट में ज्यादा रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्वाईन्ट बनाकर जल भराव की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। इसी तरह दलित प्रेणा स्थल पर डीएनडी लूप पर होने वाली जल भराव को दूर करने, सेक्टर-62 अण्डरपास में जल भराव की समस्या के समाधान के लिए अण्डरपास के प्रवेश एवं निकासी मार्ग पर शेड बनाकर वर्षा ऋतु के पानी को अण्डरपास में जाने से रोकने, अण्डरपास के प्रवेश एवं निकासी मार्ग के सतह को उंचा कर बाहरी पानी के बहाव को अण्डरपास में जाने से राकने, अण्डरपास में पानी के निकासी के लिए बड़े सैम्पवेल निर्मित कर ज्यादा क्षमता के मोटर लगाने एवं अण्डरपास के सैम्पवेल तक नाली का निर्माण कर पानी पहुंचाने की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा।

बैठक के दौरान सीईओ ने एनएच-9 से नोएडा के प्रवेश द्वार पर स्थित गोल चक्कर एवं अण्डरपास के दोनों ओर की मार्ग पर पीक आवर में जाम की समस्या को दूर करने के लिए अण्डरपास के दोनों ओर स्थित मार्ग को चौड़ा करने, गोल चक्कर को रिडिजाईन करने एवं अन्य सुधार कार्य करने के कन्सलटेन्ट का चयन कर शीध्र कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने खोड़ा कालोनी एवं सेक्टर-62 में अत्याधिक जल भराव की समस्या को समाप्त करने के लिए सेक्टर-62, 63 के पानी की निकासी के लिए बड़े नालों का निर्माण कराने के निर्देश अधिकारियों दिए।

## बेसमेंट में चलने वाली कॉमर्शियल गतिविधियां बंद हो

**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर शहर के प्रत्येक सैक्टर में बेसमेंटों में कोई न कोई व्यवसायिक गतिविधियॉ चलाई जा रही है। दिल्ली के राजेन्द्र नगर क्षेत्र के राव आई0ए0एस कोचिंग सैन्टर के बेसमेन्ट में बनी लाईब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के बााद नोएडा में बने बेसमेंट की भी जांच की मांग उठने लगी है।कोनरवा ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर कहा है कि ऐसी घटना अपने शहर में ना हो इसके लिए हमें कठोर नियम एंव कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

कोनरवा के अध्यक्ष पी एस जैन ने अपने पत्र में कहा कि शहर के विभिन्न सैक्टरों में बेसमेन्ट में चलने वाली व्यवसायिक गतिविधियां जैसे स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर की क्लासें व ओपीडी अन्य गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से बन्द करना चाहिए। क्योकि बेसमेन्ट में व्यवसायिक गतिविधियॉ चलाना गैरकानूनी है। प्राधिकरण के नियमं के अनुसार बेसमेन्ट केवल पार्किंग के लिए उपयोग किया जा सकता है। तो उनमें व्यवसायिक गतिविधियॉ क्यो चलाई जा रही हैं। फोनरवा ने सुझाव दिया है कि तत्काल प्रभाव से बेसमेन्ट में चलने वाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, लाईब्रेरी व औ0पी0डी0 अन्य गतिविधियों को बन्द किया जाना चाहिए अथवा अन्य स्थान पर हस्तान्त्रित किया जाना चाहिए। जिससे किसी प्रकार कोई अनहोनी न हो सके। इस पत्र की प्रति पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को भी भेजी गई है।

# सीपी, डीसीपी व एडीसीपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा





**नोएडा (चेतना मंच)।**

गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह, एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ कांवड यात्रा को देखते हुए सभी रूटों का निरीक्षण किया।

एसीपी-वन नोएडा प्रवीण कुमार द्वारा थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंतर्गत सदरपुर, सलारपुर आदि स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

उनके द्वारा कांवड़ शिविर कैंप का निरीक्षण करते हुए संबंधित को शिव भक्तों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके अलावा एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र द्वारा चिल्ला बॉर्डर, पार्किंग, शनि मंदिर में कांवड़ियों से भेंट करते हुए कांवड़ शिविरों एवं कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिविर के अन्दर साफ-सफाई, पानी-बिजली की उचित व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कांवड़ शिविरों में विश्राम कर रहे एवं कांवड़ मार्ग पर यात्रा कर रहे शिव भक्तों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा शिव भक्तों को कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न करने के लिए उत्साहवर्धन किया गया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

## IAS प्रेरणा सिंह NMRC प्रोजेक्ट भी देखेंगी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पद संभालने के बाद आईएएस अधिकारी श्रीमती प्रेरणा



सिंह को कई अहम जिम्मेदारी दी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिकारियों के कामकाज में आंशिक संशोधन करते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिकारियों को कामकाज की जिम्मेदारी सौंपी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती अन्नपूर्णा गर्ग सिस्टम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वाणिज्य सूचना , प्रौद्योगिकी, विद्युत यांत्रिकी, रोड परिवहन व्यवस्था, आईआईटीजीएनल व डीएमआईसी से संबंधित कार्य, वित्त मार्केटिंग वाणिज्यक, उद्योग संपत्ति बिल्डर विधि आईजीआरएस अतिक्रमण से संबंधित तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सौंपी गए विभिन्न कार्य देखेंगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती श्रीलक्ष्मी वीएस उद्यान विभाग, शहरी सेवाएं, कार्मिक विभाग एवं मानव संपदा पोर्टल, स्वास्थ्य विभाग में गौशाला एवं डॉग से संबंधित कार्य, वर्क सर्कल चार एवं सात के अंतर्गत आने वाली परियोजना वा अन्य विभाग का कामकाज देखेंगी। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में नवनियुक्त अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती प्रेरणा सिंह आईजीआरएस एवं जनसुनवाई, कौशल विकास, संस्कृति, ग्रेटर नोएडा के एनएमआरसी से संबंधित कार्य, जल विभाग, सीवर विभाग, सिस्टम विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, वाणिज्यक विभाग आदि का काम देखेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में विशेष कार्य अधिकारी के पद पर तैनाद सौम्य श्रीवास्तव भूलेख किसान आबादी नियोज, विधि, बिल्डर,मार्केटिंग, उद्योग विभाग एवं बोर्ड बैठक से संबंधित अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्तर के कार्य तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंप गए कार्य को देखेंगे।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी आवासीय संपत्ति, प्राधिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की क्रियान्वयन से संबंधित नीति निर्माण, उपाध्यक्ष स्पॉट प्रबंधन समिति एवं स्पोर्ट्स सेल, प्राधिकरण हित में सीएसआर, संबंधी कार्य, ग्रुप हाउसिंग एवं कोऑपरेटिव सोसाइटी, केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा शिक्षा समिति से संबंधित कार्य विशेष परियोजनाएं नाइट सफारी, हेलीपोर्ट एवं जेवर एयरपोर्ट से संबंधित अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्तर के कार्य देखेंगे। इसके साथ ही एसेट विभाग वर्क सर्कल 5,6 एवंम 8 के अंतर्गत परियोजना विभाग के कार्य, ग्राम विकास, जलापूर्ति एवं गंगाजल, परियोजना वर्क सर्कल ड्रेन कार्य, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, से संबंधित कार्य देखेंगे। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात एसके सिंह को संस्थागत विभाग, वित्त विभाग, वर्क सर्कल एक दो एवं तीन के अंतर्गत परियोजना विभाग के समस्त कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कोशर किन्नर ने किया कांवड़ियों का स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** अर्द्धनारी फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-44 में कावड़ शिविर में जाकर हरिद्वार से जल और विशाल कावड़ लेकर आए हुए भोले का स्वागत फूलों और पटके टीशर्ट पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अर्धनारी फाउंडेशन की संस्थापक कौशल किन्नर गुरु मां मौजूद रही। उन्होंने कांवडियों को जूस फल दिये। जिन कांवडियों को स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत थी। उनको दवा वगैरा भी प्रदान की। कांवडियों की सेवा करके कोशर किन्नर बहुत खुश हुई। इस मौके पर रंजू मिश्रा, बबलू, पुष्कल गुप्ता,गोपाल गुप्ता, मौजूद रहे।









जनपद गौतमबुद्धनगर में कांवड़ियों के सुरक्षित आगमन को देखते हुए नोएडा पुलिस द्वारा कांवड़ शिविर/कावंड़ रूट पर निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी की जा रही है। पुलिस द्वारा फेस-3 थाना जारचा, थाना दादरी, जेवर, बिसरख व अन्य क्षेत्रों में कांवड शिविर का निरीक्षण के साथ ही कांवडियों की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों को देखा जा रहा है।

